भूजल का गिरता स्तर और इसकी वजह से भविष्य में गहराने वाले संकट के मसले पर पिछले कुछ सालों से लगातार चर्चा होती रही है। इस चिंता के मद्देनजर न केवल भारत, बल्कि वैश्विक पैमाने पर सम्मेलनों और सेमिनारों में आने वाले दिनों में पानी के अभाव को लेकर चेतावनी दी जाती रही है। लेकिन चिंता जताना और संकट का हल निकालना अलग-अलग बातें हैं। यह सही है कि सरकार की ओर से जल संरक्षण को लेकर कई कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं तो उनका मकसद चुनौतियों से पार पाना ही है। लेकिन यह भी सच है कि स्थानीय हालात और जरूरतों के आधार पर अगर कोई पहलकदमी होती है, तभी इस संकट से पार पाने की उम्मीद की जा सकती है। इस लिहाज से देखें तो बुधवार को लखनऊ में प्रधानमंत्री ने जिस 'अटल भूजल योजना' की शुरुआत की है, वह इस दिशा में एक अहम कदम है। अगर यह योजना अपने बुनियादी स्वरूप में जमीन पर उतरती है तो इससे फिलहाल सात राज्यों के आठ हजार तीन सौ पचास गांवों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

दरअसल, भूजल के स्तर को लेकर चिंता लंबे समय जताई जाती रही है, लेकिन इस गहराती समस्या से निपटा कैसे जाए, इसकी दिशा अभी पूरी तरह साफ नहीं रही है। न केवल वर्षा से जल के संरक्षण के पहलू पर कोई बड़ी कार्ययोजना जमीन पर नहीं उतर पाई है, न अन्य स्रोतों की वास्तविक स्थिति का आकलन करके उसके समाधान को लेकर ठोस पहल हुई है। हालांकि 'अटल भूजल योजना' की शुरुआत के करीब छह महीने पहले भी प्रधानमंत्री ने पानी की एक-एक बूंद के संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान शुरू करने पर जोर दिया था। यह अपने आप में यह बताने के लिए काफी है कि भूजल के स्तर और समग्र पैमाने पर जल की उपलब्धता को लेकर सरकार फिक्रमंद जरूर है, लेकिन शायद एक समग्र योजना के साथ जमीनी अमल अभी बाकी है। समस्या यह है कि भारी पैमाने पर पानी का बेलगाम उपयोग और उसकी बर्बादी करने वाले बड़ी कंपनियों और संस्थानों पर शायद ही किसी की लगाम है। यह गांवों और शहरों में वर्षा जल के संरक्षण को लेकर सजगता नहीं होने और इससे पैदा होने वाली समस्या से इतर एक पहलू है, जिसमें भारी मात्रा में पानी की बर्बादी होती है। सवाल है कि जल संरक्षण को लेकर जताई जाने वाली चिंता के मद्देनजर क्या इस समस्या के बुनियादी पहलुओं पर भी गौर किया जाएगा?

देश में ऐसे तमाम इलाके हैं, जहां भूजल का स्तर चिंताजनक पैमाने तक नीचे चला गया है। इसका एक बड़ा असर फसलों के उत्पादन के चक्र पर पड़ा है, जिसमें सिंचाई के लिए ज्यादा पानी की जरूरत वाली फसलें बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। हाल के दिनों में यह राय सामने आई है कि सिंचाई के लिए जल के बढ़ते संकट के मद्देनजर कम पानी की जरूरत वाली वैकल्पिक फसलें उगाने और सूक्ष्म सिंचाई की ओर कदम बढ़ाने की जरूरत है। हालांकि यह किसी से छिपा नहीं है कि हमारे देश में पानी के संरक्षण के कई पारंपरिक तौर-तरीके चलन में रहे हैं। लेकिन यह समझना मुश्किल है कि आखिर किन वजहों से हम उन परंपराओं से दूर होते गए। आखिर ऐसा कैसे मुमकिन हुआ कि अपने जीवन के स्रोत के रूप में पानी की अहमियत को गौण हो जाने दिया और नतीजतन आज भूजल के गिरते स्तर से लेकर प्यास तक एक बड़ी समस्या के रूप में हमारे सामने है। समाज और सरकार की जिम्मेदारी के बरक्स पानी आज लगभग पूरी तरह बाजार के हवाले हो गया है। इतना तय है कि संकट का सही आकलन और उसके मुताबिक हल निकालने की कोशिश समय रहते शुरू नहीं की गई तो समस्या बेहद सकती है।

सहूलियत की दर

वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी को लागू हुए करीब ढाई साल हो गए। अब तक इसमें थोड़े-थोड़े अंतराल पर कई बार बदलाव किए जा चुके हैं। इसके बावजूद करों में कटौती की मांग उठती रहती है। इसकी एक वजह यह है कि जीएसटी में करों के चार ढांचे रखे गए हैं- पांच, बारह, अठारह और अट्ठाई फीसद। जिन वस्तुओं पर कर की दर अट्ठाईस फीसद रखी गई है, उसे घटाने की मांग उठती रहती है। शुरुआत में कुछ वस्तुओं पर कर की दरें बहुत ऊंची थीं, जिन्हें लेकर विवाद हुआ और उन्हें घटाना पड़ा। उनमें कई वस्तुएं कृषि क्षेत्र से भी जुड़ी थीं। पिछले काफी दिनों से माना जा रहा है कि जीएसटी की दरें स्थिर हो चुकी हैं, पर इनमें कटौती की मांग रह-रह कर उठती रहती है। इसका असर यह भी पड़ा है कि जीएसटी का संग्रह अनुमानित लक्ष्य तक नहीं पहुंच पा रहा है, जबकि राज्यों को केंद्र की तरफ से मिलने वाले करों के अंशदान का दबाव बना हुआ है। इस समस्या से पार पाने के लिए नीति आयोग के एक सदस्य ने सुझाव दिया है कि जीएसटी के कर ढांचे में बार-बार बदलाव उचित नहीं है, अगर जरूरत पड़े, तो इस पर साल में एक बार विचार किया जाना चाहिए। फिर कर ढांचों के चार के बजाय दो ही व्यावहारिक स्तर होने चाहिए। इसका मकसद कर संग्रह को बढ़ाना होना चाहिए। देखना है, इस पर जीएसटी परिषद कहां तक अमल करती है।

जीएसटी लागू करने के पीछे सरकार का इरादा था कि इससे राज्यों की तरफ से लगने वाले अनेक करों से उत्पादकों और उपभोक्ताओं को मुक्ति मिलेगी। इस तरह वस्तुओं की कीमतें घटेंगी और कारोबार में सुगमता आएगी, मगर अभी तक जीएसटी की उलझनें समाप्त नहीं हुई हैं। इसे लागू करने के तीन साल बाद करों में स्थिरता आने और कारोबारियों, केंद्र और राज्य सरकारों को लाभ मिलने लगने की उम्मीद जताई गई थी। जिन भी देशों में जीएसटी लागू किया गया, वहां के यही अनुभव रहे कि इससे राज्यों को होने वाले नुकसान तीन साल के बाद बंद हो गए थे। मगर हमारे यहां तीन साल होने को आ रहे हैं और जीएसटी को लेकर उलझनें ही दूर नहीं हो पाई हैं। बार-बार करों में बदलाव से कारोबारियों की उलझनें तो बढ़ती ही हैं, राजस्व पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। ऐसे में कर ढांचों को लेकर एक बार अंतिम रूप से विचार करने और उनके ढांचे चार के बजाय दो करने का सुझाव उचित ही है।

करों का निर्धारण वस्तुओं के उत्पादन, उपभोग और विभिन्न आयवर्ग के उपभोक्ताओं को ध्यान में रख कर किया जाता है। जिन वस्तुओं का उत्पादन अधिक होता है और जिनका उपभोक्ता वर्ग अधिक है, उन पर सामान्यतया कर की दरें कम रखी जाती हैं। कृषि और डेरी उत्पाद उन्हीं में आते हैं, जिनका उपभोग गरीब से लेकर अमीर वर्ग तक करता है। इसलिए इन पर कर की दर पांच फीसद रखा जाना उचित है। मगर जिन वस्तुओं और सेवाओं का उपभोग संपन्न और विशिष्ट वर्ग करता है या जिनके उत्पादन में विशेष तकनीक और प्रसंस्करण प्रविधि आदि का उपयोग होता है, जिन्हें विलासिता की वस्तुएं कहा जाता है, उन पर कर की दरें ऊंची रखी जाती हैं। इस तरह जब सभी परोक्ष कर समाहित होकर केंद्रीय कर में शामिल हो गए हैं, तब करों के चार ढांचे रखने का कोई तर्क नहीं है। इसे अंतिम रूप से व्यावहारिक बनाने की सलाह उचित है।

कल्पमेधा

जिस समय हम समझते हैं कि हम नेतृत्व कर रहे हैं, उस समय अक्सर हम दूसरे के नेतृत्व में होते हैं।

– बायरन

मुशर्रफ को सजा से हैरान सेना

ब्रह्मदीप अलूने

पाकिस्तान में पिछले कुछ सालों में न्यायिक सक्रियता से पाकिस्तान की सेना, खुफिया एजेंसी आइएसआइ और राजनीतिक दलों के नेता बेचैन हैं। हाल में पाकिस्तान के सैन्य प्रमुख जनरल बाजवा की उम्र विवाद को लेकर भी सेना और अदालत आमने-सामने रही। इस मामले में न्यायाधीशों पर अशोभनीय टिप्पणी की गई। यहां तक कि उन्हें भारत और अमेरिका का एजेंट बताने की कोशिश भी हुई।

नीतियों, साधनों, कार्यों और दृष्टिकोण से सेना का सर्वसत्तावाद प्रजातांत्रिक व्यवस्था के बिल्कुल विपरीत होता है। ऐसे में न्यायपालिका की निष्पक्षता उसे स्वीकार नहीं हो सकती। सैन्य शासन की परंपराओं से अभिशप्त राष्ट्र पाकिस्तान में लोकतंत्र होने का दिखावा भले किया जाए, लेकिन पूर्व सैन्य तानाशाह परवेज मुशर्रफ को देशद्रोह के आरोप में फांसी की सजा देने के अदालती फैसले के बाद विरोध से समूची व्यवस्था की कलाई खुल गई है। 14 अगस्त, 1947 को अस्तित्व में आए पाकिस्तान ने तीन दशक से ज्यादा का सैन्य शासन देखा और भोगा है। 1956 में देश का संविधान लागू हुआ और इसे इस्लामिक गणतंत्र का नाम दिया गया। लेकिन गणतांत्रिक परंपराओं के स्थापित होने से पहले ही 1958 में पाकिस्तान में सेना द्वारा शासन पर नियंत्रण कर लिया गया। मार्शल अय्यूब खान पाकिस्तान के नए राष्ट्रपति बने और इस प्रकार पाकिस्तान के संसदीय लोकतंत्र को सेना ने अपने कब्जे में कर लिया। इसके बाद से लगातार सेना पाकिस्तान की सुरक्षा और भारत विरोध के नाम पर अपना प्रभुत्व जमाए हुए है। आक्रामक और कूटनीतिक तरीकों से सेना का अधिनायकवाद मजबूत होता रहा और यह अब पाकिस्तान की नियति बन गया है।

वैश्विक दबाव के आगे पाकिस्तान को लोकतांत्रिक दिखाने की कोशिशें भी की गईं, लेकिन इतिहास में एक बार ही कोई निर्वाचित सरकार अपना कार्यकाल पूरा कर सकी। इस समय देश में इमरान खान की सरकार है और वे सेना द्वारा स्थापित प्रधानमंत्री कहे जाते हैं। इन परिस्थितियों में देश की न्यायपालिका के पूर्व सेना अधिकारी पर एक न्यायिक निर्णय से सत्ता और सेना परेशान और हैरान है। पूर्व सेना प्रमुख परवेज मुशर्रफ के खिलाफ देशद्रोह का मामला तीन नवंबर 2007 को पाकिस्तान में आपातकाल लगाने से जुड़ा था। उस समय मुशर्रफ ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए देश में आपातकाल घोषित कर संविधान को निलंबित कर दिया था।

समान व्यवहार और समान दृष्टिकोण से ही न्यायिक व्यवस्था मजबूत और विश्वसनीय होती है। लेकिन पाकिस्तान में सेना का संकल्पित सर्वाधिकार न्यायपालिका को स्वतंत्र न्यायिक निर्णय की आजादी नहीं देता। ऐसे में सेना ने अपने पूर्व अधिकारी को अदालत द्वारा दी गई कड़ी सजा को चुनौती देने में देर नहीं की। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल आसिफ गफूर ने बाकायदा बयान जारी कर अदालत के फैसले की आलोचना करते हुए इसे जल्दबाजी में सुनाया गया फैसला बताया। मुशर्रफ का बचाव करते हुए सेना की ओर से कहा गया कि पूर्व सेना प्रमुख और पूर्व राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशर्रफने मुल्क की चालीस साल तक सेवा की है। जिस व्यक्ति ने मुल्क के लिए जंग लड़ी, वो कभी देशद्रोही नहीं हो सकता है। इस अदालती कार्यवाही में संविधान की भी उपेक्षा की गई है, यहां तक कि अदालत में मुशर्रफ को खुद का बचाव करने का भी मौका भी नहीं दिया गया, जो किसी भी नागरिक का बुनियादी अधिकार है। सेना की इस कड़ी टिप्पणी से यह साफ हो गया है कि पाकिस्तान का लोकतंत्र सैन्य नियंत्रित है और वहां न्यायपालिका सैन्य अधिकारियों को न्याय की समान परिधि में रखने का साहस नहीं कर सकती। सेना ने न्यायपालिका को ही कटघरे में खड़ा करते हुए यह भी कह दिया कि जनरल परवेज मुशर्रफ किसी सूरत में गद्दार नहीं हो सकते।

पाकिस्तान में पिछले कुछ सालों में न्यायिक सक्रियता से पाकिस्तान की सेना, खुफिया एजेंसी आइएसआइ और राजनीतिक दलों के नेता बेचैन हैं। हाल में पाकिस्तान के सैन्य प्रमुख जनरल बाजवा की उम्र विवाद को लेकर भी सेना और अदालत आमने-सामने रही। इस मामले में न्यायाधीशों पर अशोभनीय टिप्पणी की गई। यहां तक कि उन्हें भारत और अमेरिका का एजेंट बताने की कोशिश भी हुई। इस मामले की सुनवाई के दौरान प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति आसिफ सईद खोसा ने अपनी टिप्पणी में इसे निराशाजनक बताते हुए कहा था कि संवैधानिक संस्थाओं के बारे में ऐसी बातें नहीं होनी चाहिए। इसके पहले न्यायपालिका पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री यूसुफ रजा गिलानी और नवाज शरीफ को भी कड़ी सजा सुना चुकी है। हालांकि पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने खुफिया एजेंसी आइएसआइ और सेना को सियासत से अलग रहने का निर्देश दिया था। इसके बाद आइएसआइ पर तंज कसने के चलते हाईकोर्ट के जज शौकत अजीज सिद्दीकी को पद से हटा दिया गया था। इस घटना से यह साफ हो गया था कि आइएसआइ की पाकिस्तान में बहुत अहमियत है और उस पर अदालती फैसला लागू करना आसान काम नहीं है। किसी लोकतांत्रिक देश में न्यायपालिका के फैसलों पर विपरीत टिप्पणी करने का साहस किसी सत्ताधारी प्रधानमंत्री का नहीं हो सकता। लेकिन सेना के दबाव में इमरान खान ने मुशर्रफ पर दिए गए फैसले को अराजकता उत्पन्न करने वाला बताया, वहीं देश के अटार्नी जनरल ने ऊपरी अदालत में मुशर्रफ का बचाव करने की बात कही।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए राजनीतिक दलों में मुद्दों पर आधारित विरोध के साथ ही आम सहमति भी जरूरी है, लेकिन पाकिस्तान में सेना अपना नियंत्रण बनाए रखने के लिए सत्ता के संवैधानिक संकट को पसंद करती है। राजनीतिक अस्थिरता से लोगों का भरोसा सेना पर बढ़ता है और यह स्थिति सेना के लिए मुफीद मानी जाती है। कुछ साल पहले तक सेना राजनीतिक अस्थिरता फैलाने के लिए राष्ट्रपति का सहारा लेती थी। जनरल जिया उल हक और परवेज मुशर्रफ जैसे तानाशाहों ने इसका भरपूर दुरुपयोग किया। साल 2008 में जरदारी ने राष्ट्रपति बनते ही इस स्थिति को उलट दिया और देश की व्यवस्था में एक बड़ा बदलाव कर दिया। एक संवैधानिक संशोधन से राष्ट्रपति की शक्तियां बहुत ही सीमित कर दी गईं और पाकिस्तान की चुनी हुई सरकार को भंग करना मुश्किल बना दिया गया। ऐसे में सेना न्यायपालिका की ओर देखती है जिससे लोकतांत्रिक सरकारों को काबू किया जा सके। साल 2018 में नवाज शरीफ पर प्रतिबंध लगाते हुए न्यायमूर्ति उमर अता बंदियाल के फैसले में कहा गया था कि भविष्य में किसी भी सांसद या लोक सेवक को अगर अनुच्छेद 62 के तहत अयोग्य ठहराया जाता है, तो उन पर यह प्रतिबंध स्थायी होगा, ऐसे व्यक्ति चुनाव में हिस्सा नहीं ले सकेंगे और न ही संसद के सदस्य बन सकेंगे। पाकिस्तान में सेना ऐसे न्यायिक निर्णयों को लोकतांत्रिक नेताओं पर लगाम लगाने के तौर पर पसंद करती है, लेकिन उसे अपने मामलों में कोई दखल स्वीकार नहीं है।

पाकिस्तान में कोई भी लोकतांत्रिक सरकार सेना की इच्छाओं की अनदेखी करने का साहस नहीं जुटा पाती है। नवाज शरीफ और बेनजीर भुट्टो ने ऐसा करने की कोशिश की थी और उन्हें सत्ता से बेदखल होना पड़ा था। बेनजीर भुट्टो की हत्या एक आतंकवादी हमले में साल 2007 में हो गई थी और ऐसा माना जाता है कि सेना के उच्च अधिकारियों ने उनकी सुरक्षा को लेकर जानबूझ कर लापरवाही की। यहां तक कि बेनजीर बुट्टो की हत्या में भी सेना और आइएसआइ की साजिश की बातें सामने आती रही हैं। जनरल जिया उल हक ने न्याय को नजरअंदाज कर हत्या के एक मामले में जुल्फिकार अली भुट्टो को फांसी पर लटकवा दिया था। पाकिस्तान सेना ने इन तानाशाहों का हमेशा समर्थन किया है।

परवेज मुशर्रफ को लेकर पाकिस्तान के विपक्षी दल और न्यायपालिका सख्त हैं। ऐसे में इमरान खान यदि सेना के साथ मिलकर मुशर्रफ को बचाने का प्रयास करते है तो देश में विरोधी दलों के स्वर बुलंद हो सकते हैं। बहरहाल, पाकिस्तान में सेना और न्यायपालिका आमने-सामने है। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता ने मुशर्रफ के पक्ष में बयान देकर और अदालती फैसले की आलोचना कर अदालत की अवमानना की है और यह स्थिति पाकिस्तान का आंतरिक, राजनीतिक और संवैधानिक संकट बढ़ा सकती है।

खुश रहने का हुनर

विलास जोशी

दुनिया मेरे आगे

यह देख कर अक्सर बहुत दुखी हो जाता हूं कि मेरा बच्चा खुश होना ही भूल गया है। ऐसी भी बात नहीं है कि उसने कभी मुझसे कुछ मांगा हो और मैंने उसे न दिया हो। हम पति-पत्नी के सरकारी नौकरी में होने के नाते रोजमर्रा का एक रूटीन है। सुबह की पूरी तैयारी के बाद हम दोनों दफ्तर के लिए निकलते हैं और बेटा विद्यालय। शाम को हम जब थके-हारे लौटते हैं, तब बेटा हमें मोबाइल में उलझा नजर आता है। मोबाइल से दिल भर जाने के बाद वह टीवी देखने में मशगूल हो जाता है। हम उसे रोजाना समाझाते हैं कि बेटा, देर तक मोबाइल चलाते रहना और फिर आधी-आधी रात तक टीवी देखते रहना सेहत के लिए बहुत हानिकारक है। इसके बाद वह कमरे में जाकर बिस्तर पर लेट जाता है। देर रात तक टीवी देखते रहने के कारण वह सुबह देर से उठता है। वह उठाने की कई कोशिशों के बाद। एक दिन उसने मेरे सामने उसके स्कूल के शिक्षक का लिखा नोट दिया, जिसमें लिखा था- 'कृपया, आप मुझे जल्दी आकर मिलें। मैं आपसे कुछ बातें करना चाहता हूं'।

अगले दिन मैं उसके विद्यालय गया। शिक्षक महोदय कक्षा में थे, इसलिए मैं प्रतीक्षा कक्ष में बैठ कर इंतजार करने लगा। दिमाग में कई बातें घूमने लगीं। एक समय हम भी बच्चे थे। उस समय हम खेल के मैदान में जाकर क्रिकेट या कबड्डी खेलते थे। साधारणतया उस समय सबके घरों में ही गरीबी का दौर था, इसलिए हम सिगरेट और माचिस की डिब्बी के छिब्बे इकट्ठा कर उनसे खेलते थे। छुट्टी के दिन गिल्ली-डंडा, छुपम-छुपाई, गुलाम-डंडा, भंवरे और सरिया-गडावनी आदि खेल खेलते थे। कितना मजा आता था खुले मैदान में खेलने में। तेज धूप रहती थी, फिर भी पसीने में नहाते हुए मैदान में दौड़ते रहते थे।

हमारे पास उन दिनों पैसे नहीं होते थे और खेलने के साधन भी पर्याप्त नहीं होते थे, फिर भी हम एक दूसरे के साथ मिल कर खेलते और खुश होते थे। जब तीन-चार महीने में एक बार हमारे माता-पिता कोई फिल्म देखने ले जाने की बात करते थे, तो सुबह से ही फिल्म देखने जाने का एक आकर्षण और जिज्ञासा हमारे मन में रहती थी। तब लगता था कि कब शाम होगी और हम फिल्म देखने सिनेमा हॉल में जाएंगे। उन दिनों फिल्म देखने जाना भी किसी बड़े उत्सव से कम आनंददायक नहीं था। हमारा बचपन कितने लड़कपन में गया, मालूम ही नहीं पड़ा। जबकि आज हम अपने बच्चों को सारी सुविधाएं दे रहे है, फिर भी उनके चेहरे से खुशी नदारद है। कहां गईं उनकी खुशियां? कौन चुरा कर ले गया उनका लड़कपन?

अक्सर लगता है कि उनके प्रथम अपराधी हम पालकगण ही हैं। हमने ही खुद उन्हें मोबाइल और टीवी की दुनिया में धकेल दिया है। हमें दफ्तर जाना है तो बच्चों से कहा- 'बेटा, हम दफ्तर जा रहे हैं, तुम थोड़ी देर मोबाइल पर खेल खेलना, फिर थोड़ा टीवी देख लेना और उसके बाद पढ़ाई करने बैठ जाना'। या फिर कभी-कभी हमें किसी पार्टी में जाना हुआ तब कहते हैं कि बेटा, तुम पड़ोस के अपने दोस्त को अपने घर बुला लेना और टीवी पर कोई फिल्म देखते रहना।

बहरहाल, बेटे के स्कूल में बुलाने पर मैं उसके शिक्षक के कक्ष में गया तो उन्होंने मेरी जिज्ञासा को भांपते हुए कहा- 'आपका बच्चा प्रतिभाशाली है। वह विद्यालय की हर एक गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेता है। लेकिन मैंने गौर किया है कि फिर भी उसके चेहरे पर जो खुशी नजर आनी चाहिए, वह मुझे नजर नहीं आती।' मैंने कहा कि आप उसके क्लास टीचर हैं, इसलिए मैं आपसे ही निवेदन करता हूं। हम क्या करें कि हमारे बच्चे के चेहरे पर सच्चे दिल से उसके खुश होने का नूर हमको भी नजर आ सके! इस पर वे बोले- 'आज के आपाधापी के दौर में किसी भी माता-पिता के पास अपने बच्चों को देने के लिए 'क्वालिटी समय' है ही नहीं। शायद इसीलिए हमारे बच्चे स्वाभाविक रूप से खुश होना भूल गए हैं। अगर आप अपने बच्चों को खुश देखना चाहते हैं तो पहले हमें खुद यह कला सीखनी होगी। हम बच्चों को भारी-भरकम तोहफे देकर यह सोचते हैं कि शायद उसकी खुशी इसमें छिपी है। लेकिन यह एकदम गलत है, क्योंकि यह एक तरह उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति करने का सामान भर है। अगर आप अपने बच्चे के चेहरे पर सच्ची खुशी देखना चाहते हैं तो उन्हें अपना बेहतरीन समय दें। उनके साथ रह कर पिकनिक मनाएं, उन्हें किसी पार्क में ले जाएं। उनके साथ बच्चे बन कर मैदान में खेलें। तब जो खुशी उनको मिलेगी, वही आपके लिए भी खुशी के कीमती पल होंगे। आप जो उन्हें देंगे, वही वे भी आपको लौटाएंगे।'

बेटे के स्कूल से लौटते वक्त उस शिक्षक के सारे शब्द मेरे दिमाग में किसी चलचित्र की तरह चल रहे थे। जब हम आज अपना समय उन्हें देंगे, तभी उनका कल हमें खिलखिलाता नजर आएगा। लगभग यही या इससे मिलती-जुलती बातें ही सब बच्चों पर लागू होती हैं और यही उनके खुश रहने का असली हुनर है।

अधूरा इंसाफ

सऊदी अरब की एक अदालत ने पत्रकार जमाल खाशोग्गी की हत्या के मामले में पांच लोगों को सजा-ए-मौत सुनाई है और तीन लोगों को चौबीस साल की जेल की सजा भी सुनाई गई। मगर जमाल खशोग्गी के परिवार वाले और तुर्की इस फैसले से खुश नहीं है। उनका मानना है कि सिर्फ हत्या करने वाले ही दोषी नहीं होते, बल्कि साजिश रचने वाले भी उतने ही दोषी होते हैं और उन्हें भी मौत की सजा मिलनी चाहिए थी। खशोग्गी के परिवार और तुर्की के अधिकारियों का आरोप सीधे-सीधे सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान पर था जिनके इशारे पर खशोग्गी की हत्या की गई। मगर मोहम्मद बिन सलमान इस आरोप से इनकार करते रहे हैं कि उनका खशोग्गी की मौत से कोई लेना-देना है। खशोग्गी को आखिरी बार दो अक्तूबर 2018 को तुर्की के इस्तांबुल स्थित सऊदी वाणिज्यिक दूतावास के बाहर देखा गया था। तुर्की ने सऊदी अरब पर आरोप लगाया था कि दूतावास में जमाल खशोग्गी की हत्या कर दी गई थी। लेकिन उनकी लाश नहीं मिली।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इस हत्या की कड़ी आलोचना हुई थी। यहां तक कि सऊदी अरब का करीबी दोस्त अमेरिका भी स्पष्ट कर चुका था कि जमाल खशोग्गी की हत्या प्रिंस सलमान के कहने पर हुई थी। दुनिया भर में इस हत्या की खबर सुर्खियों में रही थी और इसके लिए सऊदी सरकार की कड़ी आलोचना भी हुई थी, क्योंकि पत्रकार खशोग्गी सऊदी अरब की सरकार के खिलाफ लिख रहे थे और अरब की जनता के अधिकारों का हनन करने वाली सरकार को बेनकाब करना चाहते थे। प्रिंस सलमान को यह रास नहीं आया और फिर खशोग्गी की हत्या करवा दी गई। सितंबर में सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने सार्वजनिक तौर पर जमाल उस हत्या की जिम्मेदारी ली थी और कहा था कि उनके रहते ही हत्या को अंजाम दिया गया है। सवाल है कि न्यायिक प्रक्रिया में इन पहलुओं को ध्यान में क्यों नहीं रखा गया?

● *ब्रजेश सैनी, बिंदकी, फतेहपुर, उप्र*

चकाचौंध के बरक्स

सरकार चांद पर जाने बुलेट ट्रेन चलाने और देश को डिजिटल बनाने की बात करती है। लेकिन विश्व के साथ कदम से कदम मिला कर चलने और तेजी से बढ़ते भारत में आज भी असंख्य बेघर लोग सड़क के किनारे अपनी जिंदगी गुजारने को विवश हैं। सर्दी धीरे-धीरे बढ़ने लगी है और उसके साथ-साथ सर्द हवाओं का रफ्तार भी तेज हो गया है। दिन में थोड़ी राहत होती है, लेकिन रात को और सुबह में लोगों का घरों में रहना मुहाल हो जाता है। लेकिन इसी हाड़ कंपाती ठंड में सैकड़ों-हजारों लोग राजधानी की सड़कों पर खुले आसमान के नीचे वक्त काटते हैं। जिम्मेदार लोगों और सरकार को इस हकीकत को भी देखना चाहिए। दिल्ली का तो यह हाल है, जो देश की राजधानी है तो बाकी शहरों का क्या हाल होगा, यह अनुमान लगाया जा सकता है। रैन बसेरों की हालत दयनीय होती है। गरीबों को कंबल बांटने पर भी राजनीति हर साल देखने को मिलती है। यह स्थिति बुजुर्गों और कल के सूत्रधार बच्चों के लिए कहीं ज्यादा दुखदाई होती है। हर मौसम के विपरीत परिस्थितियों से बचने के लिए सभी को सरकार एक अपना छत दे। रैन बसेरों की संख्या और सुविधाएं बढ़ाए, ताकि सभी लोग सुरक्षित रह सकें। सरकार को इस पर जल्द ही कोई पहल करना चाहिए।

● *नीतीश कुमार पाठक, नई दिल्ली*

भिक्षा से मुक्ति

दो वक्त की रोटी के लिए किसी के आगे हाथ फैलाना अपने जमीर को मारने जैसा लगता है। लेकिन ये किसी से छिपा नहीं है कि भिक्षावृत्ति के उदाहरण अक्सर सड़क किनारे, धार्मिक स्थलों के आसपास या चौक-चौराहों पर दिख जाते हैं। हमारे देश भारत में भीख मांगना और भीख देना पौराणिक कर्म माना जाता है। यहां भिक्षा लेना या मांगना बुरा नहीं माना जाता, बल्कि इसे दान की श्रेणी में रखा जाता है।

वास्तव में गरीबी, भुखमरी और आय की असमानता के चलते देश में एक वर्ग ऐसा भी है, जिसे भोजन, कपड़ा और आवास जैसी आधारभूत सुविधाएं भी प्राप्त नहीं हो पातीं। यह वर्ग कई बार मजबूर होकर भीख मांगने का विकल्प अपना लेता है। भारत में आय की असमानता और भुखमरी की कहानी तो विश्व स्तर की कुछ रिपोर्टों से ही जाहिर हो जाती है। लेकिन आज भिक्षावृत्ति ने एक व्यवसाय का रूप ले लिया है। इस काम में साधु वेश से लेकर फटे-चिथड़े पहने लोग लगे हुए हैं। गली-गली घूम कर, मुहल्लों में जाकर कभी चमत्कार से भरा आशीर्वाद देने तो कभी भूख के नाम पर भिखारी कुछ पाने की अपेक्षा रखते हैं।

इसके निदान के लिए सबसे पहले ऐच्छिक भिक्षावृत्ति और मजबूरीवश अपनाई गई भिक्षावृत्ति में अंतर किया जाना आवश्यक है। साथ ही इन दोनों से निपटने के लिए अलग-अलग नीति बनाए जाने की जरूरत है। इसके लिए व्यापक सर्वेक्षण कराया जा सकता है। सर्वेक्षण से प्राप्त आंकड़ों के सामाजिक-आर्थिक विश्लेषण के आधार पर एक कानून बनाए जाने की जरूरत है। गरीबी, बेरोजगारी, भुखमरी जैसी समस्याओं से मजबूर लोगों तक मौलिक सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसके अलावा, गंभीर बीमारी से पीड़ित, अपंगता से ग्रसित और छोटी उम्र के बच्चे जो भिक्षावृत्ति को अपना चुके हैं, उनके पुनर्वास के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किए जाने की जरूरत है। इसके लिये पुनर्वास गृहों की स्थापना करके उनमें आवश्यक चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। उचित कदम उठा कर हम इस समस्या से निजात पाकर भारत को खुशहाल बना सकते हैं।

● *अनु मिश्रा, बिठुना, सिवान*

रोजगार की राह

आज हमारे देश में बेरोजगारी की समस्या इस कदर भयावह हो चुकी है कि युवावर्ग ऊंची-ऊंची डिग्रियां हासिल करके रोजगार की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं। ये युवा उन तमाम लोगों के अलावा हैं, जिन्हें किसी न किसी बहाने नौकरी से निकाल दिया गया। आखिर किन वजहों से अचानक ही युवाओं को नौकरी मिलनी बंद हो गईं? बाजार में मंदी की जो हालत है, उसमें रोजगार की तबाही की वजह से लोगों की क्रय-शक्ति बेहद गिर चुकी है। नतीजतन, कंपनियां और नौकरी देने वाले संस्थान उत्पादन में भारी कटौती कर रहे हैं। सवाल है कि जब तक लोगों की आमदनी के साथ क्रयशक्ति नहीं बढ़ेगी, तब तक अर्थव्यवस्था की हालत कैसे मजबूत होगी और कैसे युवाओं के लिए रोजगार की राह आसान होगी?

● *कुमारी कविता, गोरखपुर, उप्र*

चौपाल

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

www.readwhere.com

नई फिल्म

- गुड न्यूज

बॉक्स ऑफिस

फिल्म	कुल कमाई
दबंग 3	108 करोड़
मर्दानी 2	35.5 करोड़
पति पत्नी और वो	70.75 करोड़
पानीपत	28.9 करोड़

25 दिसंबर तक की कमाई

जन्मदिन

- सलमान खान 27 दिसंबर
- ट्विंकल खन्ना 29 दिसंबर
- पुलकित सम्राट 29 दिसंबर
- प्रभु 31 दिसंबर

अभ्यास

कोलकाता में पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के प्रतिभागी 60वें ऑल बंगाल ब्रतचारी ट्रेनिंग कैंप में मार्शल आर्ट का अभ्यास करते हुए।

जब नृत्य में उतरे मूषक, मयूर, नंदी और सिंह

शशिप्रभा तिवारी

कमानी सभागार में शंकरानंद कलाक्षेत्र के कलाकारों ने अपने मोहक नृत्य से समां बांध दिया। नंदी और सिंह की कथा पर आधारित नृत्य रचना पेश की गई। इस नृत्य की संरचना कुचिपुडी व भरतनाट्यम नृत्यांगना आनंदा शंकर ने की थी। जबकि समारोह की परिकल्पना संस्कृतिविद् डॉ सोनल मानसिंह और श्री कामाख्या कलापीठ सेंटर फॉर इंडियन क्लासिकल डांस ने की थी।

नृत्योत्सव

नृत्य प्रस्तुति का आरंभ गणपति स्तुति से हुआ। यह रचना 'वागार्थ प्रतिपद्म जगत पितरौ वंदे' व 'विकट सुंदरदंती मुखम' पर आधारित थी। नृत्यांगनाओं ने गणपति के गजेंद्र, विनायक, हस्तीमुख, लंबोदर रूपों को दर्शाया। मूषक के चलन को मोहक अंदाज में पेश किया। इस प्रस्तुति के दौरान छंद 'हर हर शिव विगलित गणपति वाहनम' व 'प्रथम शिव तनय गणपति तारणम' का प्रयोग भी मनोरम था। इसी के अगले अंश में कार्तिकेय के प्रसंग को पेश किया गया। मयूर के चलन को पेश करते हुए, यह प्रवेशदरू मनोरम प्रतीत हुआ। वहीं, रचना 'मुरूगन कुमारन मरदन वरदन' के माध्यम से कार्तिकेय के जीवन चरित को संक्षिप्त रूप से निरूपित किया गया।

अगले अंश में दो नृत्यांगनाओं ने नंदी और सिंह की कथा को व्याख्यायित किया। उनकी लयात्मक गतियां और विभिन्न ताल आवर्तनों में अंगों व पैरों की गतियां प्रभावकारी थीं। शिव के वाहन नंदी और देवी पार्वती के वाहन सिंह के प्रसंग का यह चित्रण था। इसके लिए रचना 'नंदी केशव महाभाग शिववाहनम' व 'अनन्य शक्ति भवानी मानिनी सिंहवाहिनी' का चयन किया गया था। इसके पश्चात शिव व पार्वती के विवाह और अन्य प्रसंगों को नृत्य में पेश किया गया। इसमें भगवान शिव के पुरुष रूप व उनके तांडव पक्ष को विवेचित किया गया। वहीं देवी पार्वती के प्रकृति रूप व उनके लास्य भाव को चित्रित किया गया। नृत्य में तांडव व लास्य का संतुलित समावेश सुंदर था।

शिव और पार्वती के जीवन चरित्र को दर्शाने के लिए रचना 'अस्य उत्तर दिशि हिमालय नाम नागाधिराज' का प्रयोग किया गया। नृत्य को कलाकारों ने विभिन्न जतीस के प्रयोग से लयात्मक बनाया। नायिका पार्वती के रूप में वरिष्ठ नृत्यांगना आनंदा शंकर का संचारी भाव काफी परिपक्व था। शिव और पार्वती के विवाह प्रसंग को मुख आंगिक अभिनय के जरिए कलाकारों ने चित्रित किया। श्रृंगार रस का यह समागम मनोरम था। प्रसंगवश नंदी पर सवार शिव और सिंह पर सवार पार्वती को दर्शाना लासानी था। नृत्यांगना आनंदा शंकर कुचिपुडी और भरतनाट्यम नृत्य शैली में पारंगत हैं। वह नृत्य प्रस्तुति के साथ युवा कलाकारों को सिखाती हैं, यह बड़ी बात है। आनंदा शंकर परंपरागत विषयों को लेकर नृत्य रचना करती रही हैं।

सभी मर्द खराब नहीं होते : दीपिका

आरती सक्सेना

बॉलीवुड अदाकारा दीपिका पादुकोण इन दिनों अपनी ताजा फिल्म 'छपाक' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में दीपिका तेजाब हमले में बची महिला का किरदार निभा रही हैं। यह फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। 10 जनवरी को रिलीज होने वाली 'छपाक' के निर्माताओं में से एक दीपिका इस फिल्म के बारे में बता रही हैं।

आमने सामने

सवाल : 'छपाक' साइन करने को लेकर आपकी क्या सोच थी?

● मैंने यह फिल्म इसलिए की ताकि इसके जरिए जो मैंने महसूस किया, वह दर्शक भी महसूस करें। 'छपाक' एक खूबसूरत लड़की का बदसूरती की तरफ ढकेला हुआ दर्दनाक सफर है। पहली बार जब मैं फिल्म के किरदार के सिलसिले में लक्ष्मी से मिली जिसके साथ यह दुर्घटना हुई है, उस वक्त मैं इतनी ज्यादा नर्वस थी कि क्या बताऊं। मैं इतनी नर्वस अपनी जिंदगी में कभी नहीं हुई। जब मैंने लक्ष्मी को देखा तो मैं भावुक हो गई, लेकिन लक्ष्मी को सांत्वना नहीं बल्कि जिंदगी जीने का हक चाहिए था। बुरे हालातों में भी वह एक आम लड़की की तरह मुस्कुराना चाहती थी, हंसना चाहती थी। मेघना गुलजार ने मुझे इस कहानी के दो ही सीन सुनाए, जिन्हें सुनकर मैंने फिल्म के लिए हां कर दी। मुझे अपने करिअर में इतना असरदार किरदार निभाने का मौका नहीं मिलेगा। मैं इस भूमिका के लिए मैं मेघना गुलजार की शुक्रगुजार हूं।

सवाल : इस फिल्म के निर्माण से भी जुड़ी है। बतौर निर्देशिका मेघना गुलजार के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा, ?

● 'छपाक' में निर्माता बनने के बाद ही मैंने जाना कि फिल्म में अभिनय के अलावा भी बहुत सारे काम होते हैं। बतौर निर्माता भी मुझे काफी कुछ सीखने को मिला। मेघना गुलजार के साथ काम करना अपने आप में बड़ी बात है। वह जब कोई कहानी लिखती हैं तो उस भावना को पकड़ कर चलती हैं। यही वजह है कि मेघना अपनी फिल्म के साथ न्याय कर पाती है। उनके साथ काम करने के दौरान मैंने यह महसूस किया कि मैं सही हाथों में हूं।

सवाल : 'छपाक' में मर्दों का एक बुरा चेहरा और एक अच्छा चेहरा दिखाया गया है, इस बारे में आप क्या कहेंगी?

● हां यह सही है। असल जिंदगी में भी एक शख्स था लक्ष्मी की जिंदगी में। अमोल अर्थात आलोक दीक्षित नामक व्यक्ति ने लक्ष्मी का हर हाल में साथ दिया। अमोल के जरिए हमने समाज के अच्छे मर्दों को भी पेश किया है और ये सच्चाई दर्शाने की कोशिश की है कि सभी मर्द खराब नहीं होते, कुछ अच्छे भी होते हैं।

सवाल : 'छपाक' एक इमोशनल फिल्म है, तो हो सकता है यह फिल्म दर्शकों के दिल को छू जाए लेकिन बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल न दिखा सके... क्या इस बारे में भी सोचा है?

● 'छपाक' की सफलता को लेकर मेरी सोच बॉक्स ऑफिस के आंकड़े नहीं है बल्कि मेरे लिए यह फिल्म तभी हिट है जब हम लोगों की मानसिकता को बदल सकें। मेरे लिए 'छपाक' उन फिल्मों में से एक है जिसे मैं दस साल बाद भी देखूं तो याद रखूं। मेरे लिए यह यादगार फिल्म है जिसे मैं कभी नहीं भूल पाउगी।

सवाल : लक्ष्मी के किरदार को जीना आपके लिए कितना मुश्किल था...

● सच कहूं तो जब मैंने लुक टेस्ट के लिए पहली बार लक्ष्मी के किरदार का मेकअप किया, तो मुझे पांच घंटे लगे थे। पांच घंटे के मेकअप के बाद जब मैंने अपने आपको आइने में देखा तो मैं पूरी तरह ओके थी, मुझे उस किरदार से कोई डर नहीं लगा। शायद इसलिए क्योंकि मैं अपने किरदार में पूरी तरह उतर चुकी थी। हालांकि 'छपाक' की शूटिंग के दौरान मालती का किरदार मुझे अंदर तक झिझोड़ कर रख देता था। लिहाजा इस फिल्म की शूटिंग के आखिरी दिन मैंने अपना वो मास्क जला दिया था ताकि मैं इस किरदार को भूल सकूं और इससे बाहर आ सकूं।

सवाल : 'छपाक' की कहानी को आप निजी तौर पर किस तरह लेती हैं?

● 'छपाक' की कहानी एक ऐसे जख्म की कहानी है, जिसने सिर्फ एक औरत के शरीर को ही नहीं आत्मा को भी झिझोड़ दिया। वो घाव उसे किसी बीमारी की वजह से नहीं बल्कि समाज के अपराधी, मुजरिम, की वजह से मिले। मेरे हिसाब से ऐसे विषयों पर फिल्म बनाना बेहद जरूरी हो गया है ताकि हम किसी का दर्द बता कर समाज की आंखें खोल सकें।

सवाल : आपकी शादी को एक साल हो गए, रणवीर सिंह के साथ आप कितनी खुश हैं?

● बहुत खुश हूं, एक बेहतरीन इंसान के साथ शादी करके भला कौन खुश नहीं होगा। रणवीर जिस तरह अपने काम के प्रति ईमानदार है, ठीक उसी तरह अपनी निजी जिंदगी में भी वह ईमानदार हैं। उन्होंने हमेश मुझे प्रोत्साहित किया है। कभी नीचा दिखाने की कोशिश नहीं की। हम दोनों ही अपने रिश्ते को ईमानदारी से निभा रहे हैं, इसलिए एक-दूसरे के साथ बहुत खुश हैं।

खबर कोना

सावित्रीबाई के किरदार से अनजान थीं काजोल



फिल्म 'तानाजी: द अनसंग वॉरियर' के रिलीज का दर्शकों को इंतजार है। अजय देवगन फिल्म में तानाजी और काजोल तानाजी की पत्नी सावित्रीबाई मालुसरे का किरदार निभाएंगी। काजोल फिल्म में अपने रोल को लेकर काफी खुश हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें तान्हा जी की पत्नी सावित्रीबाई के बारे में पहले से कोई जानकारी नहीं थी। काजोल ने बताया, 'इस किरदार के लिए संजीदा इसलिए होना पड़ा क्योंकि मेरे पास पहले से इसकी कोई जानकारी नहीं थी। मैं सावित्रीबाई किरदार की तुलना किसी और से नहीं कर पाई। एक अभिनेत्री के रूप में मेरे ऊपर जिम्मेदारी है क्योंकि मुझे खुद को यकीन दिलाना था कि मैं जो कर रही हूं वह सही है। यह चुनौती भरा काम था।' उन्होंने किरदार पर शोध करने के लिए निर्देशक और परिधान डिजाइनर नचिकेत बरवे को श्रेय देते हुए कहा, 'दोनों ने शोध किया और सभी तथ्यों की पुष्टि की। मैंने उनके कहे अनुसार काम किया। जब आप वह साड़ी पहनेंगी तो आपकी भावभंगिमा अपने आप बदल जाएगी।' काजोल ने कहा, 'फिल्म में सभी का किरदार स्पष्ट है। फिल्म दस जनवरी को सिनेमाघरों में प्रर्दिशत होगी।

'बंटी और बबली 2' में होगी रानी और सैफ की जोड़ी



रानी मुखर्जी और सैफ अली खान 11 सालों बाद 'बंटी और बबली 2' में एक साथ काम करने जा रहे हैं। रानी 2005 में आई फिल्म 'बंटी और बबली' में अभिनेता अभिषेक बच्चन के साथ नजर आई थी। सैफ इस फिल्म में अभिषेक की जगह बंटी के किरदार में होंगे। इस फिल्म में सिद्धार्थ चतुर्वेदी और नई अभिनेत्री शारवरी भी नजर आएंगी। निर्माताओं के अनुसार इस सीक्वल में बंटी और बबली की चोर जोड़ी दस साल के बाद दो अवतारों में दिखेंगी। पहली सिद्धार्थ और शारवरी और दूसरी रानी और सैफ। रानी ने कहा, 'बंटी और बबली की सफलता के बाद मैं और अभिषेक इस फिल्म के सीक्वल के साथ वापस आना चाहते थे लेकिन वैसा हो नहीं पाया।' इस मौके पर सैफ ने कहा, 'रानी के साथ काम करना मेरे लिए हमेशा मजेदार रहा है। हम फिर से एक साथ काम करने को तैयार हैं। सबसे अच्छी बात यह कि हमारी वापसी फिर से यशराज फिल्म्स के साथ हो रही है।'

सिनेमा में 'नायकवाद' कभी खत्म नहीं होगा : सलमान



'दबंग 3' की सफलता का मजा ले रहे बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने कहा है कि कभी-कभी ऐसा समय आता है जब फिल्म निर्माता हीरो को ज्यादा बढ़ा-चढ़ा कर दिखा देते हैं लेकिन उनका मानना है कि वह खुशकिस्मत हैं कि उनकी फिल्मों में सही संतुलन बना रहता है। 'दबंग 3' हाल ही में रिलीज हुई और इसने पहले ही सप्ताहांत को 90 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई की। सलमान ने कहा कि 'नायकवाद' कभी खत्म नहीं होगा। सलमान ने एक साक्षात्कार में कहा, 'मुझे लगता है कि प्रशंसक जब थियेटर जाएं तो वे आपके जैसे होना चाहें और खुश होकर बाहर आएं। फिल्में करने का यह मेरा फंडा है। मुझे नहीं लगता कि नायकवाद कभी मरने वाला है।' 'यह कभी नहीं मरेगा। कभी-कभी ऐसा लगेगा कि हीरो को बहुत ज्यादा बढ़-चढ़ कर दिखाया जा रहा है तो आप इसको नियंत्रित करने की कोशिश करते हैं, सही संतुलन लाना बहुत मुश्किल है। मैं खुशकिस्मत हूं कि मैं ऐसा कर पाता हूं।'

आमिर खान के लिए ऑडिशन देना स्वीकार किया : करीना

करीना कपूर खान को 'लाल सिंह चड्ढा' फिल्म के लिए ऑडिशन देना पड़ा है। इस बारे में करीना ने कहा कि उन्होंने केवल आमिर खान के कारण स्क्रीनिंग की प्रक्रिया से गुजरना स्वीकार किया। 'लाल सिंह चड्ढा' 1994 में आई टॉम हैंक्स की फिल्म 'फॉरेस्ट गंप' की आधिकारिक रीमेक है। इसका निर्देशन अद्वैत चंदन कर रहे हैं और आमिर खान इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। करीना ने कहा, 'लाल सिंह चड्ढा संभवत: मेरे करिअर की एकमात्र ऐसी फिल्म है जिसके लिए मुझे ऑडिशन देना पड़ा। मैं आमिर (खान) के अलावा किसी के लिए या किसी भी फिल्म के लिए ऐसा नहीं करती।' उन्होंने कहा कि यह आमिर के कारण विश्वसनीय है। संभवत: उन्हें भारत में सिनेमा जगत की सबसे अच्छी समझ है। उस पीढ़ी के ऐसे जोशीले और समर्पित अदाकार के साथ फिल्म में काम करना उनके लिए गर्व की बात है।

विजय अरोड़ा (27 दिसंबर, 1944- 2 फरवरी, 2007)

सोने के पदक से सोने की लंका तक

गणेशनंदन तिवारी



हमारी याद आएगी

पुणे के फिल्म और टीवी संस्थान ने भारतीय सिनेमा को कई महत्वपूर्ण कलाकार और तकनीशियन दिए। यहां से अभिनेता डैनी निकले, तो डेविड धवन भी। सतीश कौशिक निकले तो संजय लीला भंसाली भी। संस्थान के शत्रुघ्न सिन्हा फिल्मों में छाए, तो जया भादुड़ी का नाम पूछते पूछते हृषिकेश मुखर्जी पुणे संस्थान जा पहुंचे थे। वजह यह थी कि सिनेमा की दुनिया को जैसे प्रशिक्षित कलाकार और तकनीशियन चाहिए थे, वे इस संस्थान ने तैयार करके दिए। इसी संस्थान से अभिनय में गोल्ड मैडल लेकर निकले थे अभिनेता विजय अरोड़ा, जिनकी आज 75वीं जयंती है। पहली मसाला फिल्म 'यादों की बरात' और धारावाहिक 'रामायण' में दहाड़ते इंद्रजीत यानी मेघनाथ की भूमिका ने अरोड़ा को घर घर पहुंचा दिया था।

फिल्मों की दुनिया में लगातार मेहनत करने के बावजूद कोई हुनरमंद पहचान बनाने को तरस जाता है, तो कोई बिना किसी खास मेहनत के रातोरात करोड़ों दिलों की धड़कनें बन जाता है। 1973 में विजय अरोड़ा जब जीनत अमान के साथ 'यादों की बरात' में 'चुरा लिया है तुमने जो दिल को...' गाते नजर आए तो लगा था कि वह जल्दी ही हिट हीरो बन जाएंगे। फिल्म सुपर हिट थी इसलिए चार फिल्में कर चुके विजय अरोड़ा को राजेश खन्ना की टक्कर का कलाकार माना जा रहा था। फिल्मजगत में सफलता के अलावा किसी की पूछ नहीं होती। तो हुआ यूं कि कुछ फिल्मों ने औसत कारोबार किया और देखते ही देखते अरोड़ा मल्टीस्टारर फिल्मों की छोटी-मोटी भूमिकाओं में समेट दिए गए।

पुणे फिल्म संस्थान से अभिनय में सोने का पदक लेकर बाहर निकले विजय अरोड़ा की पहली फिल्म थी 'जरूरत', जिसे बनाया था 'चेतना' (1970) जैसी बोल्ड फिल्म बनाने वाले निर्देशक बीआर इशारा ने। इसमें एक नई लड़की सायरा अली को लिया गया था, जिसे बाद में रीना राय के नाम से जाना गया। इशारा ने पुणे फिल्म संस्थान से डैनी को लिया और सायरा अली (रीना राय) को हीरोइन बना 'नई दुनिया नए लोग' शुरू की थी, जो लटक गई। तब इशारा ने रीना राय को विजय अरोड़ा की हीरोइन बनाकर झटपट नई फिल्म 'जरूरत' शुरू कर दी। 'नई दुनिया नए लोग' दो साल बाद रिलीज हुई।

अरोड़ा को जिस 'यादों की बरात' से सफलता मिली थी, उसे हिंदी फिल्मों की पहली मसाला फिल्म माना जाता है। 1973 में अमिताभ की 'जंजीर' से एक्शन फिल्मों और धर्मेंद्र की 'यादों की बरात' से मसाला फिल्मों का दौर साथ-साथ शुरू हुआ था। इसके बाद अरोड़ा को राजेश खन्ना की 'रोटी' और ऋषि कपूर की 'सरगम', जैसी कई सफल फिल्मों में छोटी भूमिकाएं करके संतोष करना पड़ा। कहां जीनत अमान के हीरो और कहां छिटपुट भूमिकाओं में एक-दो सीन। जिस विजय अरोड़ा का भविष्य उज्ज्वल नजर आ रहा था, वह गुमनामी में जा रहे थे।

लेकिन फिल्मों की दुनिया में किसकी किस्मत कब बदल जाए, कहा नहीं जा सकता। पुणे फिल्म संस्थान से अभिनय में गोल्ड मैडल लेकर निकले सुभाष घई हीरो के रूप में नहीं निर्देशक के रूप में खूब चले। फिल्म संस्थान से अरोड़ा को जो सोने का तमगा मिला था, उसकी चमक फीकी पड़ती जा रही थी। 'यादों की बरात' आए 16 साल गुजर गए। लोग अरोड़ा को भूलने लगे थे। अचानक वक्त बदला। पुणे संस्थान से सोने का पदक लेकर निकले अरोड़ा सीधे सोने की लंका में पहुंच गए। 1989 में रामानंद सागर ने टीवी धारावाहिक 'रामायण' बनाया तो उसमें अरोड़ा को मेघनाद की भूमिका मिली। भूमिका थी तो छोटी, मगर जिस तेवर के साथ अरोड़ा ने उसने निभाया, उसने वापस उन्हें चर्चा में ला दिया। 'रामायण' से अरोड़ा भी घर घर पहुंचे, फिर भुला दिए गए। दस साल बाद 1999 में वह संजय दत्त की हिट फिल्म 'वास्तव' से चर्चा में आए थे, जिसमें वह एक्टर नहीं कैमरामैन थे।

हजारों लोगों ने देखा दशक का अंतिम सूर्यग्रहण

नई दिल्ली, 26 दिसंबर (भाषा)।

दशक का अंतिम सूर्य ग्रहण गुरुवार को पड़ा जब पृथ्वी और सूर्य के बीच चंद्रमा के आ जाने से वलयाकृति में सूर्य का एक हिस्सा दिखाई दिया जिसे रिंग ऑफ फायर भी कहते हैं। देशभर में हजारों लोगों ने इस खगोलीय घटना को देखा, हालांकि उत्तर भारत में बादल छाए रहने की वजह से अधिकतर लोग ग्रहण नहीं देख पाए। जब पृथ्वी और सूर्य के बीच चंद्रमा आया और तीनों एक सीध में आ गए, देशभर में छतों, समुद्र तटों और अन्य खुले स्थानों पर एवं तारामंडलों में ग्रहण का नजारा देखने के लिए लोग जमा होने लगे।

देश के कई हिस्सों, खासकर उत्तर भारत में बादल और कोहरा छाए रहने की वजह से लोग ग्रहण का नजारा नहीं देख सके। केरल के कोझिकोड समेत दक्षिण भारत में लोगों ने साफ आसमान में इस ब्रह्मांडीय घटना का दीदार किया। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अनुसार सुबह आठ बजे ग्रहण का आंशिक चरण शुरू हुआ और सुबह 9:06 बजे वलयाकार चरण में यह ग्रहण पहुंचा। वलयाकार चरण दोपहर 12:29 बजे समाप्त हुआ, वहीं आंशिक चरण दोपहर 1:36 बजे समाप्त हुआ।

वलयाकृति में सूर्य ग्रहण उस समय होता है जब चांद पूरी तरह से सूर्य को ढक नहीं पाता और सूर्य को चंद्रमा के चारों ओर 'रिंग ऑफ फायर' के रूप में देखा जा सकता है।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने पिछले सप्ताह कहा था कि आंशिक ग्रहण के सर्वोच्च स्तर पर सूर्य ग्रहण बंगलुरु में करीब 90 फीसद रहेगा, वहीं चेन्नई में 85 फीसद, मुंबई में 79, कोलकाता में 45, दिल्ली में 45, पटना में 42, गुवाहाटी में 33, पोर्ट ब्लेयर में 70 और सिलचर में 35 फीसद दिखाई देगा।

इस बार भी ग्रहण के दौरान अंतरिक्ष विज्ञान तथा धार्मिक आस्थाओं एवं मिथकों का संगम रहा। केरल में सबरीमला स्थित प्रसिद्ध भगवान अयप्पा मंदिर, तिरुवनंतपुरम में पद्मनाभ स्वामी मंदिर और गुरुवयूर में भगवान कृष्ण मंदिर समेत विभिन्न मंदिर सूर्य ग्रहण के कारण बंद रहे और शुद्धिकरण की प्रक्रिया के बाद खुले।

पौराणिक मान्यताओं के अनुरूप देश के विभिन्न हिस्सों में हजारों लोगों ने सर्द मौसम में भी पवित्र नदियों में डुबकी लगाई। वहीं तारामंडलों एवं अन्य विभिन्न खुले स्थानों पर छात्रों, वैज्ञानिकों तथा आकाशीय घटनाक्रम में रुचि रखने वाले लोग इस खगोलीय घटना का दीदार करने के लिए कतार में लगे दिखाई दिए।

मुंबई स्थित नेहरू तारामंडल के निदेशक अरविंद परांजपे के अनुसार 600 से अधिक लोगों ने एक प्रोजेक्शन बॉक्स के माध्यम से ग्रहण देखा। परांजपे स्वयं मुंबई के अंतरिक्षविज्ञानियों के उस समूह का हिस्सा थे जिसने एक विमान से ग्रहण देखा। पुणे के संगठन 'ज्योतिर्विद्या प्रतिष्ठान' ने कहा कि संगठन ने शहर के जेड ब्रिज पर दूरबीन लगाई लेकिन बादल होने की वजह से ग्रहण नहीं देखा जा सका।

एनआरसी को ही एनपीआर बनाकर पेश करने की सरकार की साजिश : कांग्रेस

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 26 दिसंबर।

● कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता अजय माकन ने एनपीआर के तहत पूछे जाने वाले सवालों पर जताई आपत्ति

कांग्रेस ने राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) के प्रायोगिक फॉर्म में पूछे गए सवालों पर आपत्ति जताते हुए गुरुवार को आरोप लगाया कि केंद्र की राजग सरकार एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिकता पंजी) को एनपीआर में रूप में लाने की साजिश कर रही है। पार्टी ने सरकार को चेताया है कि यदि उसने इन आपत्तिजनक सवालों को नहीं हटाया और कदम पीछे नहीं खींचे तो वह इसका पुरजोर विरोध करेगी।

कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता व पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय माकन ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि कांग्रेस की अगुआई वाली यूपीए सरकार ने सिर्फ एनपीआर पर कदम बढ़ाया था लेकिन इसे एनआरसी से कभी नहीं जोड़ा। उन्होंने कहा कि एनपीआर और एनआरसी में फर्क करने की जरूरत है। एनपीआर सामान्य निवासी के लिए है। सामान्य निवासी के लिए सबसे अहम है कि वह व्यक्ति जिस स्थान का पता दे रहा है वहां पर वह एक साल में छह महीने तक रहा हो या फिर आगे छह महीने तक रहना चाहता हो।

माकन ने कहा कि भाजपा ने पी चिदंबरम का जो वीडियो जारी किया उसमें स्पष्ट रूप से सामान्य निवासी की बात की गई है। भाजपा ने पिछले पांच साल में सामान्य निवासी की बात ही नहीं की। उन्होंने हमेशा एनआरसी की बात की है। वे लोग एनपीआर की बात ही नहीं करते थे। उन्होंने दावा किया कि एनपीआर में 14 साधारण जानकारियां ली जाती थीं। 2020 एनपीआर के लिए इसी साल सितंबर में प्रायोगिक तौर पर फार्म भरवाए गए। फॉर्म भरवाने की बात को अभी तक सरकार ने भी खारिज नहीं किया है।

माकन ने कहा कि इस प्रीटेस्ट फॉर्म में माता-पिता के जन्मस्थान के बारे में जानकारी मांगी गई है। मुझसे पूछेंगे तो मेरे माता-पिता का जन्म पाकिस्तान में हुआ था, मैं उनके ब्योरे कहां से लाऊंगा। इसमें मोबाइल नंबर और आधार नंबर भी मांगे जा रहे हैं। इसका मतलब यह है कि यदि आपके पास आधार नंबर नहीं है तो आपके लिए मुसीबत शुरू हो गई। उन्होंने आरोप लगाया कि यह एनआरसी को एनपीआर के रूप में पेश करने की साजिश है। दूसरी ओर पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम ने भी एनपीआर को लेकर राजग सरकार पर दुर्भावनापूर्ण एजंडा रखने का आरोप लगाया और दावा किया कि मौजूदा एनपीआर यूपीए सरकार के समय के एनपीआर से बिल्कुल अलग है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि मुझे खुशी है कि भाजपा ने 2010 में आरंभ हुए एनपीआर की एक वीडियो क्लिप जारी की है। कृपया इसे सुनिए। हम देश के सामान्य नागरिकों की बात कर रहे हैं। नागरिकता पर नहीं, निवास पर जोर है।

चिदंबरम ने दावा किया- भाजपा नीत सरकार का व्यापक और दुर्भावनापूर्ण एजंडा है। इसलिए उनके द्वारा जिस एनपीआर को मंजूरी दी गई है वह खतरनाक और 2010 के एनपीआर के लिखित ब्योरे एवं संदर्भ से अलग है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा का इरादा सही है तो सरकार बिना शर्त यह कहे कि वह 2010 के एनपीआर फॉर्म और उसकी रूपरेखा का समर्थन करती है तथा इसे एनआरसी से जोड़ने का उनका कोई इरादा नहीं है।

मोदी ने लाइव स्ट्रीमिंग के जरिए कोझिकोड से देखा सूर्य ग्रहण

नई दिल्ली, 26 दिसंबर (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि वह राष्ट्रीय राजधानी में आसमान में बादल छाए रहने के कारण सूर्य ग्रहण नहीं देख सके लेकिन उन्होंने कोझिकोड और अन्य हिस्सों से लाइव स्ट्रीम के जरिए इसकी झलक देखी। प्रधानमंत्री ने अपनी कुछ तस्वीरें भी पोस्ट कीं जिनमें वे सूर्य को देखने की कोशिश करते दिखाई दे रहे हैं।

मोदी ने ट्वीट किया, 'कई भारतीयों की तरह मैं भी सूर्य ग्रहण देखने के लिए उत्सुक था। दुर्भाग्यवश, बादल छाए होने के कारण मैं सूर्य ग्रहण नहीं देख सका लेकिन मैंने लाइव स्ट्रीम के जरिए कोझिकोड और अन्य हिस्सों में सूर्य ग्रहण की झलक देखीं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने विशेषज्ञों से बात कर इस विषय पर अपना ज्ञानवर्धन किया। जब एक ट्विटर यूजर ने मोदी की उस तस्वीर को पोस्ट किया जिसमें वह सूर्य की ओर देख रहे हैं और कहा कि यह तस्वीर 'मीम' बन रही है तो मोदी ने इस बात को मजाक में लेते हुए कहा, 'आपका स्वागत है... आनंद लीजिए।'

नियंत्रण रेखा के पार पाक के दो जवान ढेर

पेज 1 का बाकी

गोलीबारी में उसके दो सैनिकों की मौत हो गई। पाकिस्तान ने भारतीय जेसीओ एवं दो अन्य जवानों की मौत का दावा किया है।

हालांकि, भारतीय सैन्य प्रवक्ता ने दो अन्य जवानों के मारे जाने के पाकिस्तानी दावे को शिगूफा करार दिया है। प्रवक्ता के मुताबिक, पाकिस्तानी सेना द्वारा बुधवार सुबह से उड़ी सेक्टर के सिलिकूट, हथलंगा, मोथल, सोवरा, बालकोट, चुरंडा और आस-पास के रिहायशी इलाकों को निशाना बनाते हुए गोलीबारी की गई। पाकिस्तान ने सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे इन इलाकों को छोटे और बड़े हथियारों से निशाना बनाना शुरू किया। इस दौरान 18 मराठा लाइट इंफैंट्री के जेसीओ बृजेश कराटे शहीद हो गए। चुरंडा गांव में गोले लगने से घायल हुई नसीमा (23) नामक महिला की मौत हो गई। पाकिस्तान की भारी गोलाबारी को देखते हुए रिहायशी इलाके में फंसे लोगों को सेना ने निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। गोलाबारी के बीच ही सेना एवं पुलिस के कैस्पर वाहनों से लोगों को गांव से निकाला गया और सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। किसी आपात स्थिति के लिए संवेदनशील इलाकों में वाहन और एंबुलेंस तैयार रखे गए हैं। गोलाबारी से इन इलाकों के लोगों में काफी दहशत का माहौल पैदा हुआ है।

दूसरी ओर, अंतरराष्ट्रीय सीमा पर कठुआ जिले के हीरानगर सेक्टर में भी पाकिस्तान की ओर से गोलाबारी की गई। हालांकि, इसमें किसी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं है। बीएसएफ ने भी करारा जवाब दिया है। सैन्य प्रवक्ता के मुताबिक, पाकिस्तान सबसे ज्यादा पुंछ जिले में एलओसी पर संघर्षविराम उल्लंघन कर रहा है। पुंछ के शाहपुर और कुपवाड़ा के किरणी सेक्टर में लगातार गोलाबारी की जा रही है। अकेले पुंछ में ही इस साल 1800 से अधिक बार संघर्षविराम उल्लंघन किया गया है। इस कारण सरहद पर तनाव का माहौल है। दोनों देशों के बीच पुंछ जिले में युद्ध जैसा माहौल बना हुआ है। एलओसी के राजोरी, पुंछ, कुपवाड़ा, बारामुला और बांदीपोरा जिलों में पूरी तरह से बंकरों का निर्माण नहीं हुआ है। इस वजह से पाकिस्तान जानबूझ कर रिहायशी इलाकों को निशाना बना रहा है। जिससे स्थानीय लोग परेशान हो रहे हैं।

रवीना टंडन, फराह खान समेत तीन के खिलाफ मामला

अमृतसर, 26 दिसंबर (भाषा)।

अमृतसर पुलिस ने एक टीवी शो में एक समुदाय की धार्मिक भावनाओं को कथित तौर पर आहत करने को लेकर बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन, निर्देशक-कोरियोग्राफर फराह खान और कॉमेडियन भारती सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को यह बताया कि अजनाला ब्लॉक के ईसाई मोर्चा के अध्यक्ष सोनू जफर ने क्रिसमस की पूर्व संध्या पर प्रसारित शो की वीडियो फुटेज के साथ एक शिकायत दर्ज कराई थी।

इसके आधार पर बुधवार को एक मामला दर्ज किया गया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया, 'ईसाइयों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई है।' यहां अजनाला पुलिस थाने में आइपीसी की धारा 295-ए के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

अमृतसर (ग्रामीण) के एसएसपी विक्रम जीत दुग्गल ने कहा, 'हमने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और इस संबंध में जांच की जा रही है।'

नेतृत्व हिंसा की तरफ नहीं ले जाता

पेज 1 का बाकी

उपस्थिति में परमवीर चक्र विजेता कैप्टन सूबेदार मेजर बाना सिंह और सूबेदार योगेंद्र सिंह यादव को सम्मानित किया। फिर उन्होंने नेतृत्व को लेकर अपने विचार रखे। इसी दौरान उन्होंने कैंपस में हुई हिंसा पर अपनी बात रखी।

जनरल रावत ने कहा, 'सेना का जवान नाम, नमक, निशान, वफादारी और इज्जत- इन पांच मूल वाक्यों को ध्यान में रखकर काम करता है। जवानों में सेना इसी तरह की नेतृत्व क्षमता के गुणों को विकसित करती है, जिससे वे कभी हार नहीं मानते। लेकिन मुझे आश्चर्य होता है कि आजकल के संस्थानों और विश्वविद्यालयों में कैसे और किस तरह से हिंसा की घटनाएं हो रही हैं। विश्वविद्यालयों से हिंसा का संदेश दिया जा रहा है, यह दुखद है।'

सेना प्रमुख ने कहा, 'आप भीड़ के बीच किसी नेता को उभरता हुआ पा सकते हैं। लेकिन नेतृत्व वह होता है, जो लोगों को सही दिशा में ले जाए। नेता वे नहीं हैं जो अनुचित दिशाओं में लोगों का नेतृत्व करते हैं।' सेना प्रमुख ने कहा कि जिस तरह शहरों और कस्बों में भीड़ को हिंसा के लिए उकसाया जा रहा है, वह नेतृत्व नहीं है।

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दिग्विजय सिंह ने ट्वीट कर कहा, मैं जनरल साहब से सहमत हूं, लेकिन नेता वे भी नहीं होते हैं जो अपने समर्थकों को सांप्रदायिक हिंसा और नरसंहार में शामिल करते हैं। सांप्रदायिक आधार पर बांटना भी नेतृत्व नहीं है। उन्होंने सेना प्रमुख से पूछा कि क्या वे उनसे सहमत हैं।

एआइएमआइएम के प्रमुख ओवैसी ने ट्वीट किया, 'किसी के पद की सीमाओं को जानना ही नेतृत्व है। नागरिक सर्वोच्चता के विचार को समझने व अपने अधीन मौजूद संस्थान की अखंडता को सुरक्षित रखना ही नेतृत्व है। सेना प्रमुख का काम किसी पार्टी के नेता की तरह बोलना नहीं है।'

माकपा पोलित ब्यूरो ने कहा कि जनरल रावत के इस बयान से साफ हो जाता है कि मोदी सरकार की स्थिति में कितनी गिरावट आ गई है, जो बताती है कि सेना के शीर्ष पद पर आसीन व्यक्ति अपनी संस्थागत भूमिका की सीमाओं को किस प्रकार से लांघता है।

पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल एल रामदास ने जनरल रावत के बयान को 'गलत' बताया। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बल के लोगों को राजनीतिक ताकतों के बजाय देश की सेवा करने के दशकों पुराने सिद्धांत का पालन करना चाहिए।

पुणे के मिलिट्री इंजीनियरिंग कॉलेज में हादसा, दो जवान मरे

पेज 1 का बाकी

के सर्वे से जुड़े जवानों एवं अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाता है।

रक्षा मंत्रालय से जुड़े सीएमइ के पीआरओ महेश आयंगर के मुताबिक, गुरुवार सुबह 11:50 बजे सस्पेंशन ब्रिज निर्माण के लिए प्रशिक्षण के दौरान इसका एक हिस्सा नीचे गिर पड़ा। इससे उस पर चढ़े जवान गिरकर घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए कमांड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान लांस नायक पीएस संजीवन पीके और नायक संजीवन बीके का निधन हो गया। पूरे मामले की कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दे दिया गया है। इस हादसे में सेना के एक अधिकारी का पैर भी टूटा है।

सरकार के खिलाफ माकपा की देशव्यापी हड़ताल आठ जनवरी को

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 26 दिसंबर।

माकपा ने मोदी सरकार पर तानाशाहीपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिकता पंजी (एनआरसी) के मुद्दे पर सरकार की हठधर्मिता ने लोगों के विरोध को बढ़ा दिया है। माकपा इसके विरोध में आठ जनवरी को देशव्यापी हड़ताल करेगी।

पार्टी के मुखपत्र 'पीपुल्स डेमोक्रेसी' के संपादकीय लेख में पार्टी ने कहा है कि संसद से नागरिकता संशोधन विधेयक पारित होने के बाद, पिछले 15 दिन भारत के राजनीतिक इतिहास के लिए महत्त्वपूर्ण साबित हुए। इस अवधि में दो परस्पर विरोधी बातें उजागर हुईं। पहली यह कि केंद्र सरकार ने पूरी तरह से तानाशाहीपूर्ण रवैया अपना लिया है और दूसरी बात यह साबित हुई कि सीएए और एनआरसी के मुद्दे पर उपजा देशव्यापी विरोध संविधान और देश के धर्मनिरपेक्ष स्वरूप पर हुए हमले के खिलाफ जनता के गुस्से का प्रतीक था। मुखपत्र में माकपा ने कहा कि केंद्र और राज्यों में भाजपा की सरकारें देश के नागरिकों के एकजुट होने, विरोध करने और अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकारों पर हमले कर रही हैं। चार से अधिक लोगों के एकत्र होने पर रोक लगाने वाली दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144, भाजपा शासित राज्यों और दिल्ली, जहां पुलिस केंद्र सरकार के मातहत है, में लागू की गई। पार्टी ने कहा कि सबसे बुरे हालात भाजपा शासित राज्य उत्तर प्रदेश में पैदा हुए, जहां राज्यव्यापी स्तर पर निषेधाज्ञा लागू की गई। पार्टी ने सरकार पर धारा 144 जैसे उपनिवेशकालीन प्रावधानों के आधार पर संविधान प्रदत्त नागरिक अधिकारों पर रोक लगाने का आरोप लगाते हुए कहा कि असम में नौ दिनों तक इंटरनेट बंद रहने के बाद हाई कोर्ट के आदेश पर इसे बहाल किया गया।

'भारत पीओके में कर सकता है कार्रवाई'

पेज 1 का बाकी

प्रकार की कार्रवाई' कर सकता है। खान ने अपनी फौज को तैयार रहने को भी कहा है। खान ने झेलम जिले में जनसभा को संबोधित करते हुए यह कहा।

इससे पहले पाकिस्तानी फौज ने नियंत्रण रेखा पर भारतीय सेना द्वारा 'बिना उकसावे' के की गई गोलीबारी में दो पाकिस्तानी फौजियों के मारे जाने का दावा किया था।

खान ने कहा, 'मैं पिछले पांच महीनों से दुनिया से कह रहा हूँ कि दुनिया का ध्यान कश्मीर और (संशोधित) नागरिकता कानून के प्रति हो रहे विरोध से हटाने के लिए भारत सरकार निश्चित तौर पर पीओके में किसी प्रकार की कार्रवाई करेगी।'

खान ने कहा कि उन्होंने सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा को भारत के खतरे से आगाह किया है और बाजवा ने उनसे कहा है कि पाकिस्तान तैयार है।

आपको सूचित किया जाता है कि बैंक की बिना लिखित सहमति के उपर्युक्त प्रतिभूत आस्तियों में से आप किसी का भी विक्रय, पट्टे या अन्य विधि द्वारा अन्तरण नहीं करेंगे। अपने दायित्व के निर्वहन में असफल रहने की स्थिति में और उपर्युक्त के अनुसार बैंक के उपचारात्मक कार्यवाही करने की स्थिति में आप इस सम्बन्ध में आयी सभी लागत, प्रभार तथा व्यय बैंक को देने के लिए उत्तरदायी होंगे। यदि प्रतिभूत आस्तियों की विक्रय कार्यवाही से बकाये की वसूली नहीं हो पाती है तो बैंक आपको बिना कोई अन्य सूचना दिये शेष राशि की वसूली हेतु आपके विरुद्ध व्यक्तिगत कार्यवाही करेगा। प्रतिभूत आस्तियों (प्रतिभूत सम्पत्तियों) को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय-सीमा के परिप्रेक्ष्य में आपका ध्यान अधिनियम की धारा 13(8) की ओर आकर्षित किया जाता है।

यह सूचना 21 नवम्बर, 2019 को निर्गत की गयी थी और आपके पास भेजी गयी थी किन्तु प्रतीत होता है कि आपने इसे ग्रहण नहीं किया जिसके कारण सरफाएशी अधिनियम के अनुसार इस प्रकाशन की आवश्यकता पड़ी।

दिनांक : 24 दिसम्बर, 2019

कृते द फेडरल बैंक लि., सहायक उपाध्यक्ष

(सरफाएशी अधिनियम के तहत अधिकृत प्राधिकारी)

www.readwhere.com

बाजवा के विस्तार पर पाक सरकार ने पुनर्विचार याचिका दायर की

अदालत से गुजारिश की गई कि बड़ी पीठ बनाए और पहले के फैसले को रद्द करे

इस्लामाबाद, 26 दिसंबर (भाषा)।

पाकिस्तान सरकार ने सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा को सेवा विस्तार दिए जाने पर कानून बनाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ गुरुवार को पुनर्विचार याचिका दायर की।

मुख्य न्यायाधीश आसिफ सईद खोसा की अगुआई वाले तीन सदस्य पीठ ने 28 नवंबर को जनरल बाजवा को छह महीने का सेवा विस्तार दे दिया था, क्योंकि सरकार ने अदालत को आश्वस्त किया था कि संसद छह महीने के अंदर सेना प्रमुख को सेवा विस्तार/ पुनः नियुक्ति को लेकर एक कानून बनाएगी। यह फैसला ऐसे वक्त आया था जब 59 वर्षीय जनरल बाजवा 28 नवंबर की मध्य रात्रि को सेवानिवृत्त हो रहे थे।

अटॉर्नी जनरल अनवर मंसूर की ओर से दायर पुर्निवचार याचिका में सरकार ने शीर्ष अदालत से गुजारिश की है कि वह मामले को सुनने के लिए बड़ी पीठ बनाए और पहले के फैसले को रद्द करे। सरकार ने मामले की सुनवाई बंद कमरे में करने का भी आग्रह किया है।

सूचना व प्रसारण मामलों पर प्रधानमंत्री की विशेष सलाहकार फिरदौस आशिक अवान ने कहा कि हमारी कानूनी टीम ने शीर्ष अदालत के फैसले के सभी पहलुओं का अच्छी तरह से अध्ययन किया और पाया कि फैसले में कई कानूनी खामियां हैं। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि अदालत फैसले की कमियों में सुधार करे। इसलिए पुर्निवचार याचिका दायर करने का निर्णय किया गया। अवान ने कहा कि बड़े जनहित को देखते हुए पुनर्विचार याचिका दायर की जा रही है। पुनर्विचार याचिका दायर करने के बाद भी संसद के जरिए कानून बनाने का रास्ता बरकरार रहेगा।

प्रधानमंत्री इमरान खान ने अगस्त में एक अधिसूचना के जरिए जनरल बाजवा को सेवा विस्तार दे दिया था लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने सेवा विस्तार के तरीके में अनियमितता के चलते 26 नवंबर को इस पर रोक लगा दी थी।

मोदी व शी के प्रयासों से भारत-चीन सैन्य संबंध में सुधार हो रहा : चीनी सेना

बेजिंग, 26 दिसंबर (भाषा)।

चीन की सेना (पीपल्स लिबरेशन आर्मी) ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के प्रयासों से भारतीय सेना के साथ उसके संबंधों में सुधार हो रहा है। भारत और चीन 3,488 किलोमीटर लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) साझा करते हैं।

चीन के रक्षा प्रवक्ता कर्नल वू कियान ने कहा कि हाल ही में भारत में आतंकवाद रोधी संयुक्त अभ्यास ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई और क्षेत्रीय स्थिरता की रक्षा करने के दोनों तरफ के 'इरादों' को दिखाया है। जब उनसे पूछा गया कि पीएलए इस साल भारत के साथ संबंधों को कैसे देखता है तो उन्होंने कहा कि चीन-भारत संबंधों में सैन्य संबंध सभी संबंधों में से सबसे ज्यादा महत्त्वपूर्ण हैं। दोनों ही देशों के शीर्ष नेताओं को इसका श्रेय जाता है कि सैन्य संबंधों में सुधार हो रहा है और दोनों देश रणनीतिक वार्ता कर रहे हैं और व्यावहारिक संबंध बरकरार रख रहे हैं। इसके अलावा अपनी सीमाओं पर भी रणनीतिक आदान-प्रदान हो रहा है। पीएलए 2020 में भारत की सेना के साथ अपने संबंधों की प्रगाढ़ता के लिए आशान्वित है। इस वर्ष भारत और चीन के बीच राजनियक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ भी होगी।

अफगानिस्तान में सैन्य शिविर पर आत्मघाती हमला, छह सैनिक मरे

काबुल, 26 दिसंबर। अफगानिस्तान के उत्तरी भाग में सैन्य शिविर को निशाना बनाकर किए गए आत्मघाती कार बम विस्फोट में छह अफगान सैनिक मारे गए हैं। रक्षा मंत्रालय ने हमले के लिए तालिबान को जिम्मेदार बताया है। हमलावर द्वारा विस्फोटक से लदी कार में विस्फोट किए जाने के तुरंत बाद आतंकवादियों के समूह ने परिसर पर हमला कर दिया। अफगान बलों की जवाबी कार्रवाई के साथ ही दोनों पक्षों में मुठभेड़ शुरू हो गई। विस्फोट और उसके बाद हुए आतंकवादियों के हमले में तीन अफगान सैनिक घायल हुए हैं। **(एपी)**

बेटी ने ब्रूस ली की तसवीर इस्तेमाल करने पर मुकदमा किया, 21 करोड़ युआन मांगे

शंघाई, 26 दिसंबर। ब्रूस ली की पुत्री शैनोन ली की कंपनी 'ब्रूस ली एंटरप्राइजेज' ने चाइनीज फास्ट फूड चेन कुंगफू कैटरिंग मैनेजमेंट के खिलाफ दिवंगत मार्शल आर्ट फिल्म स्टार की तसवीर का इस्तेमाल बिना अनुमति के करने को लेकर मुकदमा दायर किया है। बेटी ने मांग की है कि फूड चेन ब्रूस ली की तसवीर का इस्तेमाल बंद कर दे, लगातार 90 दिन तक स्पष्टीकरण दे कि उसका ब्रूस ली से संबंध नहीं है और 21 करोड़ यूआन का भुगतान क्षतिपूर्ति के तौर पर दे। फास्ट फूड कंपनी ब्रूस ली की तसवीर का इस्तेमाल एक लोगो में 15 वर्षों से कर रही थी। **(एएफपी)**

हांगकांग में फिर झड़प, कई गिरफ्तारियां हुईं

हांगकांग, 26 दिसंबर (एएफपी)।

हांगकांग में क्रिसमस के दौरान गुरुवार को भी राजनीतिक अशांति रही। पुलिस और लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों के बीच शॉपिंग मॉलों के अंदर झड़पें हुईं।

प्रदर्शनकारियों ने गुरुवार को कई मॉलों से गुजरते हुए सरकार विरोधी और पुलिस विरोधी नारे लगाए। घटनास्थल पर मौजूद संवाददाता ने बताया कि पुलिस ने मॉल में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने कई गिरफ्तारियां भी की हैं। हांगकांग में छह महीने से भी अधिक समय से विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं जिससे इस वित्तीय 'हब' की प्रतिष्ठा प्रभावित हुई है और शहर मंदी की स्थिति में पहुंचने लगा है। शहर के कई मॉल नियमित विरोध के केंद्र बन गए हैं क्योंकि प्रदर्शनकारी आर्थिक व्यवधान पैदा करने की कोशिश करते हैं और शहर के बेजिंग समर्थक नेतृत्व पर दबाव डालते हैं। पिछले महीने लोकतंत्र समर्थक उम्मीदवारों ने स्थानीय चुनावों में भारी जीत हासिल की थी।

इजराइल पर रॉकेट हमला, गाजा पर बम बरसाए गए

यरुशलम, 26 दिसंबर (एएफपी)।

गाजा पट्टी की ओर से रॉकेट दागे जाने के बाद इजराइल के सैन्य विमान ने बुधवार को गाजा पट्टी पर हवाई हमले किए। उसका कहना है कि हमास के कब्जे वाले गाजा पट्टी से रॉकेट दागे जाने के बदले में उन्होंने यह हमला किया है।

इससे पहले गाजा की ओर से रॉकेट दागे जाने के सायरन की आवाज आने के बाद इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार शाम को एक रैली बीच में ही छोड़ दी थी। वह अगले दिन होने वाली पार्टी की प्राइमरी के लिए प्रचार कर रहे थे।

हाल के महीनों में ऐसा दूसरी बार हुआ है जब रॉकेट की आवाज सुनने के बाद उन्हें कोई कार्यक्रम बीच में ही छोड़ना पड़ा हो। इजराइल की सेना ने कहा, 'गाजा पट्टी से इजराइल क्षेत्र की ओर प्रक्षेपास्त्र दागा गया जिसे आयरन डोम रक्षा प्रणाली ने रोक लिया।' इसमें कहा गया कि प्रक्षेपास्त्र दागने के बाद फलस्तीन एनक्लेव के निकट और दक्षिणी शहर अश्केलॉन में सायरन बजने लगे। अश्केलॉन में ही प्रधानमंत्री रैली कर रहे थे। इजराइल के सरकारी प्रसारणकर्ता केएएन11 ने तस्वीरें जारी की जिसमें सुरक्षा गार्ड नेतन्याहू को 'रेड अलर्ट' के बारे में बताता नजर आ रहा है।

इससे पहले, 10 सितंबर को लिकुड पार्टी के प्रमुख को दक्षिणी शहर अशदोद में चुनावी रैली छोड़कर जाना पड़ा था क्योंकि गाजा पट्टी से हमले की चेतावनी देने वाले सायरन बजने लगे थे। इजराइल की सेना ने बताया कि पिछले हफ्ते गाजा से इजराइल की ओर दो रॉकेट दागे गए थे। इसके जवाब में इजराइल के दो लड़ाकू विमानों ने हमास के प्रतिष्ठानों पर बम बरसाए थे।

[THIS IS ONLY AN ADVERTISEMENT FOR INFORMATION PURPOSES AND NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT. NOT FOR DISTRIBUTION OUTSIDE INDIA.]

Vaxtex

VAXTEX COTFAB LIMITED

CIN: U51109GJ2005PLC076930

Our Company was incorporated as "**Foolproof Vyapaar Private Limited**" at Kolkata, West Bengal as a Private company under the provisions of the Companies Act, 1956 vide Certificate of Incorporation dated December 26, 2005 bearing Corporate Identification Number U51109WB2005PTC106869 issued by Registrar of Companies, Kolkata, West Bengal. Consequent the name of the company was changed from "**Foolproof Vyapaar Private Limited**" to "**Vaxtex Cotfab Private Limited**" as approved by shareholders of our company pursuant to a special resolution dated December 18, 2015 and Certificate of Incorporation was issued by Registrar of Companies Ahmedabad, Gujarat dated December 30, 2015. Consequent upon the conversion of our Company to public limited company and as approved by the shareholders of our company pursuant to a special resolution dated March 05, 2018, the name of our Company was changed to "**Vaxtex Cotfab Limited**" and fresh certificate of incorporation dated March 21, 2018 was issued by the Registrar of Companies, Ahmedabad, Gujarat. The Corporate Identification Number of our Company is U51109GJ2005PLC076930.For details of change in name and address of our Registered Office, see "History and Certain Corporate Matters" on page 129 of this Prospectus.

Registered Office : Survey No. 230, Opp. Manya Park, B/h. Ranipur Village, Saijpur - Gopal, Narol, Ahmedabad–382405, Gujarat, India.
Contact Person: Mr.Tej Bharatbhai Hanj, Company Secretary and Compliance Officer
Tel No.: 9724496973/9727123004; **Email:** vaxtexcotfab@gmail.com; **Website:** www.vaxtexcotfab.com

INITIAL PUBLIC ISSUE OF 15,96,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF RS.10 EACH OF VAXTEX COTFAB LIMITED (THE "COMPANY" OR THE "ISSUER") FOR CASH AT A PRICE OF RS. 24/- PER EQUITY SHARE INCLUDING A SHARE PREMIUM OF RS. 14/- PER EQUITY SHARE (THE "ISSUE PRICE") AGGREGATING TO RS.383.04 LAKHS ("THE ISSUE"), OF WHICH 84,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF RS. 10/- EACH FOR CASH AT A PRICE OF RS. 24/- PER EQUITY SHARE INCLUDING A SHARE PREMIUM OF 14/- PER EQUITY SHARE AGGREGATING TO RS. 20.16 LAKHS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY MARKET MAKER TO THE ISSUE (THE "MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE ISSUE LESS THE MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E. NET ISSUE OF UPTO 15,12,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF 10 EACH AT A PRICE OF RS. 24/- PER EQUITY SHARE AGGREGATING TO RS. 362.88 LAKHS IS HEREIN AFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE". THE ISSUE AND THE NET ISSUE WILL CONSTITUTE 26.50% AND 25.10% RESPECTIVELY OF THE POST ISSUE PAID UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.

ASBA* Simple, Safe, Smart way of Application - Make use of it !!! Mandatory in Public Issues from January 01, 2016 No Cheque will be accepted.

*Applications Supported by Blocked Amount (ASBA) is a better way of applying to issues by simply blocking the fund in the bank account, investors can avail the same. For details, check section on ASBA below.

Now available in ASBA for Retail Individual Investors applying through Registered Brokers, DPs & RTAs.

UPI UNIFIED PAYMENTS INTERFACE

*ASBA is a better way of applying to issues by simply blocking the fund in the bank account.
For further details check section on ASBA below.
*ASBA has to be availed by all the investors. UPI may be availed by Retail Individual Investors.

For details on the ASBA and UPI process, please refer to the details given in ASBA form and abridged prospectus and also please refer to the section "Issue Procedure" beginning on page 237 of the Prospectus. The process is also available on the website of AIBI and Exchanges in the General Information Document."
ASBA application forms can be downloaded from the website of National Stock Exchange of India Limited and can be obtained from the list of banks that is displayed on the website of SEBI at www.sebi.gov.in. List of banks supporting UPI is also available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in.

PROMOTERS OF THE COMPANY MR. KHUSHANT GUPTA, MR. NITHLESHKUMAR M AGRAWAL, M/S QMIN PHARMA PRIVATE LIMITED AND M/S MIRACLE STORES PRIVATE LIMITED

ADDENDUM: NOTICE TO INVESTORS

This is with reference to the Prospectus filed with Registrar of Companies and Securities and Exchange Board of India in relation to the Issue. All capitalized terms used in this notice shall, unless the context otherwise, have the same meaning ascribed in the Prospectus.

On Page no 201 of the Prospectus, in the section Outstanding Litigations and Material Developments under Litigations involving Our Company- Litigations against Our Company –Criminal Litigations, following paragraph is added:

Criminal Case numbering 80188 and 92330 of 2018 filed by Bhavin Industries against our Company and Ors.

Two criminal cases numbering 80188 and 92330 of 2018 have been filed by Bhavin Industries in the Court of Additional Chief Metropolitan Magistrate, Ahmadabad against our Company and one Mr. Vikram Tulsidas Jain (ex-Director of the Company) which are being heard together. The said criminal cases have been filed for bouncing of three cheques numbering 953435 dated 21.06.2018 for an amount of Rs. 5,07,849, numbering 953433 dated 31.07.2018 for an amount of Rs. 6,00,000 and numbering 953434 dated 31.07.2018 for an amount of Rs. Rs.6,00,000, in part payment of the outstanding dues to Bhavin Industries. The said cheques were dishonoured by the bank due to insufficient funds. The said cheques were issued for payment of outstanding dues payable to Bhavin Industries for invoices of goods supplied by Bhavin Industries on the basis of verbal instructions from October 2017 to May 2018. Later, the Company and Bhavin Industries agreed on settlement by entering into a Settlement Agreement on July 16, 2019 to compromise on mutual terms, and to pay Rs. 3,00,000 (Rupees Three Lakh only) to the Creditor monthly between 20th to 25th of every month for the outstanding amount Rs. 25,43,643. The said payments have been made by the Company till date as per the agreed terms except at 4 instances wherein the payments for months of September, October ,November, and December 2019 were delayed though made by the Company to Bhavin Industries. Further, the Company has also received a notice dated December 8, 2018 in Form 3 under Rule 5 of Insolvency and Bankruptcy Code, 2016 from Bhavin Industries (details of matter has been inserted in Litigations against the Company under the head "Civil Matters").

The said Criminal Case is presently pending for disposal and the next date of hearing is 30/12/2019

Further, On Page no 201 of the Prospectus, in the section Outstanding Litigations and Material Developments under Litigations involving Our Company- Litigations against Our Company – Civil Proceedings, following paragraph is read as under:

CIVIL PROCEEDINGS

Our Company had received a notice dated December 8, 2018 in Form 3 under Rule 5 of Insolvency and Bankruptcy Code, 2016 from Bhavin Industries (the "Creditor"). The Creditor had issued invoices for goods supplied on the basis of verbal instructions from October, 2017 to May, 2018, which goods were accepted by our Company. Further that, our Company had issued cheque no. 953435 dated 21.06.2018 for an amount of Rs.5,07,849, cheque no. 953433 dated 31.07.2018 for an amount of Rs.6,00,000 and cheque no. 953434 dated 31.07.2018 for an amount of Rs. Rs.6,00,000, in part payments of the outstanding dues, which cheques were dishonoured by the bank due to insufficient funds. The Creditor has demanded Rs. 25,43,643 with respect to unpaid operational debt along with interest @ 24% p.a from the last issued invoice i.e. June 13, 2018. Thereafter the Company sent a reply dated 21.12.2018, stating that the liability to pay an amount of Rs. 25,43,643 202 was fictitious. It was further stated that only an amount of Rs. 15,09,474 was due and payable to the Creditor and this amount was derived by taking into account all the transactions which included the purchased goods and the returned goods/debit notes etc. Also, it was stated by us that the Creditor had supplied goods of inferior quality, which was earlier also duly communicated to the Creditor at various instances. Later, the Company and the Creditor agreed on settlement on July 16, 2019 to compromise on mutual terms, and to pay Rs. 3,00,000 (Rupees Three Lakh only) to the Creditor monthly between 20th to 25th of every month for the outstanding amount Rs. 25,43,643. The said payments have been made by the Company till date as per the agreed terms except at 3 instances where in the payments for months of September, October and November, 2019 were delayed though made by the Company to the Creditor. It has been further agreed between the Company and Bhavin Industries that after the completion of the payment the Creditor will withdraw case against complaint No.: 121/9/NCLT/AHM/2019 filed in the NCLT.

The next date of hearing in the said matter is on January 21, 2020.

Further on Page no 11 of the Prospectus, under the section "Summary of Offer Document" in 1st row of the table titled Summary table of outstanding litigations and a cross-reference to the section titled 'Outstanding Litigations and Material Developments' in point no (H) should read as under

Sr. No.	Nature of proceedings	Number of outstanding cases	Amount involved (Rs. in Lakhs)
	Cases filed against our Company		
	Criminal Liabilities		
1.	Criminal Liabilities	2	Uncertain
	Civil Liabilities		
2.	Civil Liabilities	1	25.43
	Tax Liabilities		
3.	Income Tax Demands	3	182.66
4.	TDS	1	1.51
5.	GST	1	Uncertain
	Total		**209.6**

Further on Page no 17 of the Prospectus, under the section "Risk Factors" in 1st row of the table titled Cases filed against our Company in point no 1, the number of criminal cases should read as under:

Sr. No.	Nature of proceedings	Number of outstanding cases	Amount involved (Rs. in Lakhs)
	Cases filed against our Company		
	Criminal Liabilities		
1.	Criminal Liabilities	2	Uncertain
	Civil Liabilities		
2.	Civil Liabilities	1	25.43
	Tax Liabilities		
3.	Income Tax Demands	3	182.66
4.	TDS	1	1.51
5.	GST	1	Uncertain
	Total		**209.6**

Liability of Members as per MoA: The Liability of the members of the Company is Limited.

The Prospectus, the Bid cum Application Forms, and the abridged prospectus shall be read in conjunction with this notice. The above notice is required to be read in conjunction with other disclosures in the Prospectus.

For, **VAXTEX COTFAB LIMITED**
On Behalf of the Board of Directors
Sd/-
Managing Director

Place : Ahmedabad, Gujarat
Date : December 26, 2019

Vaxtex Cotfab Limited is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make a Public Issue of its Equity Shares and has filed the Prospectus with the Registrar of Companies, Ahmedabad. The Prospectus shall be available on the websites of the Company, the NSE and the LM at, www.vaxtexcotfab.com, www.nseindia.com and www.capitalsquare.in respectively. Applicants should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to the same, see the Prospectus, including, the section titled "Risk Factors" beginning on page no. 17 of the Prospectus.

The Equity Shares have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act 1933, as amended (the "Securities Act") or any state securities laws in the United States and may not be offered or sold within the United States or to, or for the account or benefit of, "U.S. persons" (as defined in Regulation S of the Securities Act), except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the Securities Act. Accordingly, the Equity Shares will be offered and sold (i) in the United States only to "qualified institutional buyers", as defined in Rule 144A of the Securities Act, and (ii) outside the United States in offshore transactions in reliance on Regulation S under the Securities Act and in compliance with the applicable laws of the jurisdiction where those offers and sales occur.

The Equity Shares have not been and will not be registered, listed or otherwise qualified in any other jurisdiction outside India and may not be offered or sold, and Application may not be made by persons in any such jurisdiction, except in compliance with the applicable laws of such jurisdiction.

Garima Advt

फॉर्म आईएनसी-26
केन्द्रीय सरकार के समक्ष क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा 4 और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उपनियम (5) के खंड (क) के मामले में
और
मेसर्स इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी सोल्यूशंस प्राईवेट लिमिटेड
(पूर्व में मेसर्स इंजीनियरिंग प्राईवेट लिमिटेड नाम से ज्ञात था) (निबंधन रजिस्ट्रीकृत कार्यालय : एफ. 410, IV/एफ, पी.ओ.-7-डी, कुतेश टावर, लक्ष्मीपुरी, नई दिल्ली पिन-110053 में स्थित है)
.....**याचिकाकर्ता**

सूचना
आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि यह कंपनी केन्द्रीय सरकार के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अधीन आवेदन पत्र का प्रस्ताव करती है जिसमें कंपनी का रजिस्ट्रीकृत कार्यालय **राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से हरियाणा राज्य** में स्थानांतरित करने के लिए तारीख 23 दिसम्बर, 2019 की आयोजित असाधारण आम बैठक में पारित विशेष संकल्प के संबंध में कंपनी के सभी आम शेयर के संबंध की दृष्टि की गई है।
कंपनी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता है तो वह व्यक्ति या वे निबंधक निबंधन पत्र पंजीकृत कर एनसीएलटी-21 फॉर्म (**www.mca.gov.in**) में विधिवत दर्ज करें अथवा एक शपथ पत्र जिसमें उसके हित / विरोध के आधार हों, कारण देते हुए, क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, बी-2 विंग, दूसरा तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्पलेक्स, नई दिल्ली-110003 को पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित करें तथा इसकी एक कॉपी आवेदक कम्पनी को इसके पंजीकृत कार्यालय **एस्सेल हाउस, बी-10, लॉरेंस रोड, नई दिल्ली -110035** पर इस सूचना के छपने के 14 (चौदह) दिनों के भीतर भेज दें।
मेसर्स इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी सोल्यूशंस प्राईवेट लिमिटेड
रजिस्ट्रीकृत कार्यालय : एफ. 410, IV/एफ, पी.ओ.-7-डी, कुतेश टावर, लक्ष्मीपुरी, नई दिल्ली पिन-110053
आवेदक के लिए तथा उनकी ओर से
मेसर्स इंजीनियरिंग सोल्यूशंस प्राईवेट लिमिटेड
हस्ता/-
(मनीष गुप्ता)
निदेशक
डीआईएन : 07024710
दिनांक : 26.12.2019
स्थान : नई दिल्ली
ए 618, सेक्टर 16-डी, फरीदाबाद-160015

फार्म नं. आईएनसी-26
[कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]
केन्द्रीय सरकार, क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली
के समक्ष कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13(4) और कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30(5) (ए) के मामले
और
दरभंगा- मोतिहारी ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड
(CIN: U40300DL2012PLC246371)
जिसका पंजीकृत कार्यालय : **एस्सेल हाउस, बी -10, लॉरेंस रोड, नई दिल्ली -110035**
में है, के मामले में
....**आवेदक कंपनी/ याचिकाकर्ता**
एतद्द्वारा जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि कम्पनी ने कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत कम्पनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में परिवर्तन लाने हेतु पुष्टिकरण के लिए केंद्र सरकार को आवेदन प्रस्तुत करने का प्रस्ताव किया है, यह विशेष प्रस्ताव एक असाधारण आम बैठक में कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय को **"राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली"** से **"महाराष्ट्र राज्य"** में बदलने हेतु **मंगलवार, 13 अगस्त, 2019** को पारित किया गया।
यदि किसी व्यक्ति का हित कंपनी के इस पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित है तो वह व्यक्ति या तो निबंधक निबंधन पत्र पंजीकृत कर एनसीएल-21 फॉर्म (**www.mca.gov.in**) में विधिवत दर्ज करें अथवा एक शपथ पत्र जिसमें उसके हित / विरोध के आधार हों, कारण देते हुए, क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, बी-2 विंग, दूसरा तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्पलेक्स, नई दिल्ली-110003 को पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित करें तथा इसकी एक कॉपी आवेदक कम्पनी को इसके पंजीकृत कार्यालय **एस्सेल हाउस, बी-10, लॉरेंस रोड, नई दिल्ली -110035** पर इस सूचना के छपने के 14 (चौदह) दिनों के भीतर भेज दें।
दरभंगा- मोतिहारी ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड
प्रमोद शर्मा
(निदेशक)
डीआईएन: 08454694
दिनांक: 26 दिसम्बर 2019
स्थान: नई दिल्ली

कार्यालय वसूली अधिकारी-I, ऋण वसूली अधिकरण-III, दिल्ली
चौथी मंजिल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, पटेल चौक, नई दिल्ली – 110 001

आर. सी. सं. 892/2018 — बिक्री उद्घोषणा नोटिस — दिनांकित : 01.11.2019

बिक्री की उद्घोषणा आयकर अधिनियम 1961 की द्वितीय अनुसूची के नियम 38, 52(2) के अन्तर्गत को बैंक और वित्तीय संस्थान अधिनियम 1993 की ऋण वसूली के साथ पढ़ा जावे।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया बनाम मैसर्स अंश इलेक्ट्रिकल्स

सेवा में,
सीटी नं. 1 मैसर्स अंश इलेक्ट्रिकल्स, 2110/1, एफ इंट्र, भागीरथ प्लेस, दिल्ली – 110006, प्रोपराइटर के माध्यम से
सीटी नं. 2. नरेंद्र शर्मा, प्रोपराइटर, मैसर्स अंश इलेक्ट्रिकल्स, पी–50, मसूरी गुलाबगढ़ रोड, 2110/1, एफ इंट्र, भागीरथ प्लेस, दिल्ली – 110006, दूसरा पता: – पी–130, चौधरी फतेह सिंह मार्ग, गोंदा, दिल्ली – 110053
सीटी नं. 3. सरिता शर्मा, पी–130, चौधरी फतेह सिंह मार्ग, दिल्ली –110053.

जैसा कि आप पीठासीन अधिकारी, **ऋण वसूली अधिकरण–III, दिल्ली ओए सं 687/2015/डीआरटी–III दिल्ली में आपके द्वारा देय रू. 74,07,703.31 (रु. चौहत्तर लाख सात हजार सात सौ तीन और पैसे इकतीस मात्र) दिनांक 11.02.2011 से प्रभावी 12 प्रतिशत वार्षिक की दर से साधारण ब्याज एवं लागतों का प्रत्यय–पत्र के अनुसार भुगतान करने में असफल रहे।**
और जैसा कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त प्रमाणपत्र की संतुष्टी हेतु निम्नानुसार अनुसूची में वर्णित सम्पत्ति की बिक्री का आदेश दिया है।
एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कोई स्थगन के किसी आदेश के अभाव में उक्त सम्पत्ति की सार्वजनिक नीलामी द्वारा **30.01.2020 को अपरा. 03.00 बजे से अपरा. 04.00 बजे के बीच (स्वतः विस्तार खण्ड के साथ यदि बंद होने से पहले अंतिम 5 मिनट में बोली आकर्षित होती है)** द्वारा मैसर्स सी1 इंडिया प्रा. लि. **सयोग विहार फेज–2, बिल्डिंग नं. 301, गुड़गांव, हरियाणा (इंडिया), फोन नं. +91-7291981124/25/26,** के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी द्वारा बेची जाएगी। किसी पूछताछ के लिए **श्री विनोद चौहान, जिसका मोबाइल नंबर 09813887931, ई–मेल : support@bankeauctions.com, वेब: https://www.bankeauctions.com से सम्पर्क करें।**
अन्य विवरण हेतु **श्री मनमोहन सिंह, प्रबंधक जिसका मो. 7046291405 ईमेल: sarafa@unionbankofindia.com से सम्पर्क करें।**
उपरोक्त नाम के प्रतिभूति की सम्पत्ति की बिक्री उपरोक्तानुसार सम्पत्ति के लिए संलग्न देनदारियों एवं दावे को जैसा अभी तक निर्धारित किया गया है, वे प्रत्येक लॉट के लिए अनुसूची में विनिर्दिष्ट है।
बिक्री से संबंधित कोई अधिकारी या अन्य व्यक्ति निविदा के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सम्पत्ति की बिक्री के लिए बोली, अभिग्रहण अथवा प्रयास नहीं करेगा। आयकर अधिनियम 1961 के द्वितीय अनुसूची के शर्तों एवं उसके नियमों के तहत तथा निम्न शर्तों के अनुरूप ही बिक्री की जाएगी।
बिक्री उद्घोषणा की अनुसूची में उल्लेखित विवरण को अधोहस्ताक्षरी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार दर्शाया गया है, परन्तु अधोहस्ताक्षरी किसी त्रुटि, गलत बयान वाली अथवा उद्घोषणा में चूक होने पर जिम्मेदारी नहीं होगी।

1. सम्पत्ति का विवरण, आरक्षित मूल्य, धरोहर राशि निम्नानुसार है।

क्र.सं.	सम्पत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि (ईएमडी)
1.	बी–130, अरविन्द नगर, गौन्दा, दिल्ली–110053	आरक्षित मूल्य : रु. 60,50,000/- (रु. साठ लाख पचास हजार मात्र) धरोहर राशि : 6,05,000/– (रु. छः लाख पाँच हजार मात्र)

सम्पत्ति धरोहर राशि से कम पर नहीं बेची जाएगी।
2. बोली, **कम से कम प्रत्येक सम्पत्ति हेतु रु. 1,00,000/– (रु. एक लाख मात्र) बढ़ाई जा सकेगी।** बोली अथवा बोलीदाता के संबंध में कोई विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में लॉट की नीलामी दोबारा की जाएगी।
3. किसी लॉट के उच्चतम बोलीदाता को क्रेता घोषित किया जाएगा। उच्चतम बोली को अस्वीकार करना अधोहस्ताक्षरी का विवेकाधिकार होगा, यदि पेश की गई ऑफर उनको स्वीकार किए जाने हेतु स्पष्ट रूप से अपर्याप्त प्रतीत होती है।
4. इच्छुक बोलीदाताओं को धरोहर राशि **पे आर्डर/डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जो कि "Recovery Officer-I, DRT-III, Delhi के पक्ष में सीलबंद लिफाफे में दिल्ली** में देययोग्य हो, **को दिनांक 28.01.2020 तक देनी होगी।** धरोहर राशि इसके अलावा नीलामी के लिए स्वीकार नहीं की जाएगी।
5. पैन कार्ड की प्रति, जो का प्रमाण तथा पहचान प्रमाण, ई–मेल आई डी, मोबाईल नम्बर और इस आशय की उद्घोषणा कि वे स्वयं की ओर से या अपने स्वामी की ओर से बोली लगा रहे हैं, जमा करनी होगी। स्वामी की ओर से बोली लगाने वाले मामलों में बोली लगाने वाले को अपना प्राधिकार पत्र जमा करना होगा वरना बोली अस्वीकार कर दी जाएगी। कम्पनी के मामले में कम्पनी के बोर्ड सदस्यों द्वारा पारित प्रस्ताव की कम्पनी प्रति या कम्पनी के अटार्नी/प्रतिनिधि को पुष्ट करने वाले अन्य कोई आलेख तथा ऐसी जमा रसीद/काउन्टर फॉईल फॉर्वर्ड तिथि तक ई–मेल या अन्यथा द्वारा कथित सेवा प्रदाता या सी एस बैक तक पहुंच जानी चाहिए और इसकी हार्ड कॉपी (मूलप्रति) **वसूली अधिकारी– I, डीआरटी– III, दिल्ली** के कार्यालय में जमा कराना होगा।
6. सफल बोलीदाता को अपनी अंतिम बोली का 25 प्रतिशत राशि, ईएमडी समायोजन के बाद, अगले बैंक कार्य दिवस को अर्थात अप. 03.00 बजे तक ऊपर में निर्धारित विधि में जमा करनी होगी।
7. क्रेता को अंतिम बोली की **75 प्रतिशत राशि सम्पत्ति की बिक्री की तिथि से 15 वे दिन को अथवा पूर्व जमा करनी होगी। यदि 15वां दिन रविवार या अवकाश है, तब 15वें दिन के बाद पहले बैंक कार्य दिवस को ऊपर पैरा 4 में निर्धारित विधि में जमा करनी होगी। इसके अतिरिक्त क्रेता को रू. 1,000/– तक बिक्री मूल्य के 2 प्रतिशत की दर पर तथा रू. 1,000/– से अधिक पर बिक्री मूल्य के 1 प्रतिशत की दर पर पाउण्डेज फीस रजिस्ट्रार, डीआरटी– III, दिल्ली के पक्ष में देय डिमांड ड्राफ्ट के द्वारा वसूली अधिकारी– I, डीआरटी– III, दिल्ली के पास जमा करना होगा।**
8. **इच्छुक बोलीदाताओं हेतु सम्पत्ति का निरीक्षण दिनांक 24.01.2020 को पूर्वा. 11.00 बजे से अपरा. 04.00 बजे के बीच किया जा सकता है।**
9. निर्धारित अवधि के भीतर भुगतान में चूक की स्थिति में, सम्पत्ति की बिक्री नए सिरे से की जाएगी। ऐसी बिक्री से पहले उसकी नई उद्घोषणा जारी की जाएगी

आत्मनिरीक्षण करना सकारात्मक रहा : अजिंक्य रहाणे

नई दिल्ली, 26 दिसंबर (भाषा)।

पिछले साल वनडे विश्व कप के लिए अनदेखी किए जाने के बाद अजिंक्य रहाणे के लिए आत्मनिरीक्षण करना सकारात्मक रहा। इससे उन्हें चीजों को स्वीकार करने में मदद मिली। जब भारतीय टीम के धुरंधर इंग्लैंड में विश्व कप खेल रहे थे तब वह काउंटी क्रिकेट खेल रहे थे। इस घटना के बाद उन्होंने आत्मनिरीक्षण किया और उन्हें महसूस हुआ कि सफलता का पीछा करना हमेशा आदर्श नहीं होता।

रहाणे ने कहा कि कभी कभार हम सफलता का पीछा करने में ज्यादा व्यस्त हो जाते हैं और तब हमें अचानक महसूस होता है कि हमें रुक कर, बैठ कर आत्मनिरीक्षण करने की जरूरत है। जब मुझे 2019 विश्व कप के लिए नहीं चुना गया तो मैंने बिलकुल ऐसा ही किया। साउथम्पटन में हैम्पशर के लिए खेलते हुए दो महीने रहने के दौरान उन्होंने आत्मनिरीक्षण किया। वेस्ट इंडीज दौरे पर उन्होंने वापसी की और तीन साल में पहला टैस्ट शतक जड़ा। इसके बाद उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी एक सैकड़ा जमाया।

रहाणे ने कहा कि इस समय मैं बहुत अच्छी स्थिति में हूं और यह वेस्ट इंडीज श्रृंखला से शुरू हुआ। मैं इंग्लैंड में था, काउंटी क्रिकेट खेल रहा था जिस दौरान मैंने सिर्फ क्रिकेटर के तौर पर नहीं बल्कि इंसान के तौर पर काफी कुछ सीखा। दो महीनों में मैंने सात मैच खेले। इसलिए मैंने सिर्फ मैदान के अंदर की चीजें नहीं सीखीं बल्कि मैदान के बाहर की बातें भी सीखीं।

रहाणे ने कहा कि मैं कभी कभार पार्क में अकेला पैदल चला, कभी कभार जॉगिंग की। कभी मैं आराम से बैठकर कॉफी पीते हुए पिछले दिनों के बारे में सोचता। यह भी सोचता कि जब मैंने अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था, उससे पहले जब मैं क्लब क्रिकेट या उम्र ग्रुप के क्रिकेट खेलता था तो मैं कैसा महसूस करता था। कैरेबियाई टूर में खेलने से पहले रहाणे ने राहुल द्रविड़ से भी बातचीत की और उनसे बेहतर 'गाइड' उनके लिए कोई और नहीं हो सकता था।

रहाणे ने कहा कि इस समय मैं बहुत अच्छी स्थिति में हूं और यह वेस्ट इंडीज श्रृंखला से शुरू हुआ।

"मैं इंग्लैंड में था, काउंटी क्रिकेट खेल रहा था जिस दौरान मैंने सिर्फ क्रिकेटर के तौर पर नहीं बल्कि इंसान के तौर पर काफी कुछ सीखा।

खबर कोना

दिन का खेल खत्म होने के बाद आस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड और स्टीवन स्मिथ मैदान छोड़कर पवेलियन जाते हुए।

कोहली दशक के पांच सर्वश्रेष्ठ विजडन क्रिकेटरों में

लंदन, 26 दिसंबर (भाषा)।

भारतीय कप्तान विराट कोहली को विजडन क्रिकेट अलमानैक ने चार अन्य के साथ दशक के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों की सूची में शामिल किया है। कोहली के अलावा दक्षिण अफ्रीका के डेल स्टेन और एबी डिवियर्स, आस्ट्रेलिया के स्टीवन स्मिथ और महिला क्रिकेट की दिग्गज ऑलराउंडर एलिस पैरी इस सूची में शामिल हैं। कोहली ने पिछले दस साल में किसी भी अन्य बल्लेबाज की तुलना में 5,775 अधिक रन बनाए और वह इस दशक के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रहे। इस 31 वर्षीय बल्लेबाज को दशक की विजडन टैस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है जबकि वह एकदिवसीय टीम में भी शामिल हैं।

रीयल कश्मीर ने चेन्नई सिटी को 2-1 से हराया

श्रीनगर, 26 दिसंबर (भाषा)।

घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाते हुए रीयल कश्मीर ने गुरुवार को यहां गत चैंपियन चेन्नई सिटी को 2-1 से हराकर आइलीग फुटबॉल के इस सत्र में पहली जीत हासिल की। दानिश फारूक ने 22वें मिनट और आइवरी कोस्ट के बाजी आर्मएंड ने 27वें मिनट में विजेता टीम के लिए गोल दागे। वहीं चेन्नई की टीम के लिए एकमात्र गोल सैयद सुहेल पाशा ने 48वें मिनट में दागा। रीयल कश्मीर ने इससे पहले ईस्ट बंगाल और टिडिम रोड एथलेटिक यूनियन (टीआरएयू) से ड्रॉ खेला था।

डोप टैस्ट में नाकाम ओलंपियन सुमित सांगवान एक साल के लिए निलंबित

नई दिल्ली, 26 दिसंबर (भाषा)।

पूर्व एशियाई रजत पदक विजेता मुक्केबाज सुमित सांगवान पर डोप टैस्ट में नाकाम रहने के कारण राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजंसी (नाडा) ने एक साल का प्रतिबंध लगा दिया। लंदन ओलंपिक 2012 में भाग ले चुके सांगवान पहले 91 किलोवर्ग में खेलते थे। उन्हें ओलंपिक क्वालीफायर ट्रायल खेलना था लेकिन उन पर प्रतिबंध तुरंत प्रभाव से लागू हो गया है। नाडा के डीजी नवीन अग्रवाल ने ट्वीट किया, 'प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन के दोषी सुमित सांगवान पर तुरंत प्रभाव से एक साल का प्रतिबंध लगा दिया गया है।' सांगवान का नमूना 10 अक्तूबर को लिया गया था जिसमें डायूरेटिक्स और 'मास्किंग एजंट' के अंश पाए गए थे।

आस्ट्रेलिया के नाम रहा पहला दिन

बॉक्सिंग डे टैस्ट चार विकेट पर 257 रन बनाए, स्मिथ शतक के करीब

मेलबर्न, 26 दिसंबर (एएफपी)।

स्टीवन स्मिथ के नाबाद 77 रन की बदौलत आस्ट्रेलिया ने गुरुवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टैस्ट के पहले दिन चार विकेट पर 257 रन बनाए। स्मिथ के शतक की ओर बढ़ते कदम से आस्ट्रेलिया ने पहले दिन अपना पलड़ा भारी रखा। न्यूजीलैंड का यह 1987 के बाद मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर पहला बॉक्सिंग डे टैस्ट मैच है।

कप्तान केन विलियमसन ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। उनका फैसला सही साबित हुआ क्योंकि जो बर्न्स पहले ओवर में आउट हुए और लंच से पहले डेविड वार्नर भी पवेलियन लौटे। इसके बाद मार्नस लाबुशेन और स्मिथ ने अर्धशतक जमाकर आस्ट्रेलिया को वापसी दिलाई।

पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय स्मिथ के साथ ट्रेविस हेड 25 रन पर खेल रहे थे। न्यूजीलैंड के गेंदबाजों में कोलिन डि ग्रैंडहोम ने 48 रन देकर दो विकेट लिए। न्यूजीलैंड के लिए स्थिति अच्छी नहीं दिख रही है क्योंकि मेलबर्न में पिछले चार टैस्ट मैचों में शतक जड़ने वाले स्मिथ एक और सैकड़े की तरफ बढ़ रहे हैं। न्यूजीलैंड को तीन मैचों की श्रृंखला बराबर करने के लिए इस मैच में जीत की दरकार है। आस्ट्रेलिया ने पर्थ में पहला टैस्ट मैच 296 रन से जीता था।

विलियमसन ने बल्लेबाजों के लिए अनुकूल मानी जा रही पिच पर पहले क्षेत्ररक्षण का साहसिक फैसला किया। पहले ओवर में लगा कि उनका यह फैसला सही है। पसली की चोट से उबरकर वापसी करने वाले ट्रेंट बोल्ट ने पहली तीन गेंदों पर वार्नर को परेशान किया और चौथी गेंद पर बर्न्स का मिडिल स्टंप उखाड़ दिया। न्यूजीलैंड के प्रशंसकों ने इस अच्छी शुरुआत का दिल खोलकर स्वागत किया।

आस्टेलियाई खिलाड़ी के खिलाफ न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट एलबीडब्लू अपील करते हुए।

स्कोर बोर्ड

आस्ट्रेलिया पारी : डेविड वार्न का साउथी बो बैगनर 41, जे बर्न्स बो बोल्ट 0, लाबुशाने बो डि ग्रैंडहोम 63, स्टीवन स्मिथ नाबाद 77, वेड का वेटलिंग बो डि ग्रैंडहोम 38, ट्रेविस हेड नाबाद 25

गेंदबाजी :
ट्रेंट बोल्ट 20-2-60-1, टिम साउथी 21-5-63-00
कोलिन डि ग्रैंडहोम 21-5-48-2, वेगेनर 21-7-40-1
एम सैंटनर 7-1-3-0

मैच देखने पहुंचे रेकार्ड दर्शक

आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे दूसरे टैस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर 80 हजार से अधिक दर्शक पहुंचे। यह इन दोनों देशों के बीच नया रेकार्ड है। बॉक्सिंग डे टैस्ट मैच आस्ट्रेलियाई क्रिकेट कैलेंडर का अहम हिस्सा है। इंग्लैंड के खिलाफ 2013 में एशेज मैच के पहले दिन कुल 91,112 दर्शक एमसीजी पहुंचे जो कि रेकार्ड है।

आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच चल रहे मैच के दौरान 80,473 दर्शकों ने स्टेडियम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यह एशेज से इतर किसी मैच में दूसरी सबसे बड़ी दर्शक संख्या है। आस्ट्रेलिया और वेस्ट इंडीज के बीच 1975 में बॉक्सिंग डे के दिन मैच देखने के लिए 85,661 दर्शक पहुंचे थे।

एमसीजी पर भी हूटिंग झेली स्मिथ ने

मेलबर्न, 26 दिसंबर (एपी)।

आस्ट्रेलियाई क्रिकेट कैलेंडर के सबसे बड़े दिन आस्ट्रेलिया का कोई भी क्रिकेटर दर्शकों की फब्तियों की उम्मीद नहीं करेगा। लेकिन पूर्व कप्तान स्टीवन स्मिथ को गुरुवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ इस तरह की परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। स्मिथ ने बाद में कहा कि क्या ऐसा हुआ? मुझे पता नहीं है।

ड्रेसिंग रूम से बाहर किया गया देवांग गांधी को

कोलकाता, 26 दिसंबर (भाषा)।

राष्ट्रीय चयनकर्ता देवांग गांधी को गुरुवार को शर्मसार होना पड़ा। उन्हें भ्रष्टाचार निरोधक प्रोटोकॉल के उल्लंघन के लिए बंगाल रणजी टीम के ड्रेसिंग रूम से बाहर जाने के लिए कहा गया। हालांकि उन्होंने इस आरोप को खारिज कर दिया है। यह घटना बंगाल और आंध्र के बीच खेले जा रहे रणजी मैच के दूसरे दिन तब घटी जब खराब रोशनी के कारण खेल रुका हुआ था और गांधी टीम फिजियो से मिलने ड्रेसिंग रूम में चले गए।

बंगाल के पूर्व कप्तान मनोज तिवारी ने भ्रष्टाचार निरोधक प्रोटोकॉल का हवाला दिया जिसके बाद बीसीसीआइ के अधिकारी सोमन कर्माकर ने गांधी को ड्रेसिंग रूम से बाहर जाने के लिए कहा। भ्रष्टाचार निरोधक प्रोटोकॉल के अनुसार केवल खिलाड़ी और टीम के सहयोगी स्टाफ ही ड्रेसिंग रूम में रह सकते हैं।

तिवारी ने कहा कि हमें भ्रष्टाचार निरोधक प्रोटोकॉल के नियमों का पालन करना चाहिए। एक राष्ट्रीय चयनकर्ता बिना अनुमति के ड्रेसिंग रूम में नहीं घुस सकता है। केवल खिलाड़ी और टीम अधिकारी ही ड्रेसिंग रूम में प्रवेश कर सकते हैं। गांधी ने हालांकि कहा कि उन्होंने ड्रेसिंग रूम में जाने से पहले भ्रष्टाचार निरोधक अधिकारी की अनुमति ली थी।

उन्होंने कहा कि मैंने प्रोटोकॉल का पूरी तरह से पालन किया। मुझे बंगाल के कोच अरुण लाल ने ड्रेसिंग रूम में आमंत्रित किया था। वह मेरे पहले कप्तान थे। मेरी पीठ में दर्द है और इसलिए मैंने अनुमति ली और बंगाल के फिजियो से चिकित्सा कक्ष में आने के लिए कहा। लेकिन मनोज को लगता है कि इससे परेशानी थी।

पूर्व क्षेत्र के चयनकर्ता ने कहा कि तिवारी ने वह काम किया जिसकी जरूरत नहीं थी। तिवारी दो सत्र तक गांधी की अगुआई में खेले थे। गांधी ने कहा कि इससे मैं ही नहीं बल्कि बंगाल क्रिकेट से जुड़े सभी लोगों को बुरा लगा।

मेरे मनोज से मतभेद नहीं हैं। उसने ऐसा करके युवा खिलाड़ियों के सामने अच्छा उदाहरण पेश नहीं किया। सूत्रों के अनुसार यह मसला बीसीसीआइ अध्यक्ष सौरव गांगुली को बता दिया गया है।

चयन प्रक्रिया से बिधूड़ी नाराज

नई दिल्ली, 26 दिसंबर (भाषा)।

मुक्केबाज गौरव बिधुड़ी ने अगले साल होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर के मद्देनजर आगामी ट्रायल्स के लिए चयन प्रक्रिया को चुनौती दी है। उन्होंने इस मामले में खेल मंत्री किरन रिजीजू से हस्तक्षेप की मांग की। रिजीजू, भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआइ) और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) को लिखे पत्र में बिधुड़ी ने कहा कि उन्हें कर्नाटक के बेलारी में 29 और 30 दिसंबर को होने वाले ट्रायल्स से अनुचित तरीके से बाहर रखा गया।

बिधुड़ी ने कहा कि मैं इस अन्यायपूर्ण व्यवस्था से तंग आ चुका हूं। इस साल विश्व चैंपियनशिप के पदकधारियों को सीधे ओलंपिक क्वालीफायर में प्रवेश दिया गया। मैंने 2017 में विश्व कांस्य पदक जीता था, लेकिन मुझे राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों के ट्रायल में खेलने की अनुमति नहीं दी गई थी।

उन्होंने कहा कि उस समय मुझे कहा गया था कि

मैंने ज्यादा प्रतिस्पर्धाओं में भाग नहीं लिया था, इस बार मुझे कहा जा रहा है कि मैंने कड़े प्रतिद्वंद्वियों का सामना नहीं किया। क्या कोई मुझे समझा सकता है कि यहां चयन का मानदंड क्या है? इसका कोई मतलब नहीं बनता। बिधुड़ी चीन में फरवरी में होने वाले क्वालीफायर के लिए 57 किग्रा ट्रायल में भाग लेना चाहते थे। लेकिन अमित पंघाल (52 किग्रा) और मनीष कौशिक (63 किग्रा) को ट्रायल्स से छूट दे दी गई।

हिंदू होने के कारण कनेरिया के साथ खराब बर्ताव किया पाक खिलाड़ियों ने : शोएब

कराची, 26 दिसंबर (भाषा)।

पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने दावा किया है कि उनके साथी खिलाड़ी दानिश कनेरिया के साथ कुछ पाकिस्तानी क्रिकेटरों ने पक्षपातपूर्ण बर्ताव किया। वह उनके साथ खाना भी नहीं खाते थे क्योंकि वह हिंदू थे। कनेरिया ने उनके दावे का समर्थन किया है।

अपने मामा अनिल दलपत के बाद पाकिस्तान के लिए खेलने वाले दूसरे हिंदू कनेरिया ने पाकिस्तान के लिए 61 टैस्ट में 261 विकेट लिए। शोएब ने एक कार्यक्रम में यह बात कही।

उन्होंने कहा, 'मेरे करिअर में मैने टीम के दो तीन खिलाड़ियों से लड़ाई भी की जब वे

क्षेत्रवाद पर बात करने लगे थे। 'कौन कराची से है, कौन पंजाब से या कौन पेशावर से', ऐसी बातें होनी लगी थी। क्या हुआ अगर कोई हिंदू है, वह टीम के लिए अच्छा खेल रहा है।'

शोएब ने कहा, 'वे कहते थे ' सर ये यहां से खाना कैसे ले रहा है।' उन्होंने कहा, 'उसी हिंदू ने इंग्लैंड के खिलाफ हमें टैस्ट जिताया। वह अगर पाकिस्तान के लिए विकेट ले रहा है तो उसे खेलना चाहिए। हम कनेरिया के प्रयास के बिना श्रृंखला नहीं जीत सकते थे लेकिन बहुत लोग उसे इसका श्रेय नहीं देते।'

संपर्क करने पर कनेरिया ने शोएब के दावे का समर्थन करते हुए कहा, 'शोएब भाई महान खिलाड़ी हैं। वह गेंदबाजी की तरह बातें भी खरी खरी करते हैं। जब मैं खेलता था तो इन मसलों पर बोलने की हिम्मत नहीं थी लेकिन शोएब भाई के बयान के बाद अब आ गई है। उन्होंने, इंजी भाई (इंजमाम उल हक), मोहम्मद युसूफ और यूनिस भाई ने भी हमेशा मेरा साथ दिया।'

साल 2019 देश के लिए एथलेटिक्स के लिहाज से सूखा रहा यह साल

एथलेटिक्स में छाए रहे डोपिंग सहित अन्य विवाद

नई दिल्ली, 26 दिसंबर (भाषा)।

भारतीय एथलेटिक्स के दो बड़े सितारे नीरज चोपड़ा और हिमा दास चोटों के कारण सुर्खियों से दूर रहे। इससे वैश्विक पदक के मामले में यह साल देश के एथलेटिक्स के लिए सूखा रहा। इसमें डोपिंग के अलावा उम्र में हेरफेर के विवाद जारी रहे।

निराशाओं के बीच हालांकि दुती चंद ने इतिहास रच दिया। वह 100 मीटर की स्पर्धा जीतकर वर्ल्ड यूनिवर्सिटी खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं। देश ने मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले और पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा (अविनाश साबले) में 2020 ओलंपिक खेलों में स्थान पक्का किया।

दुती चंद 100 मीटर की स्पर्धा जीतकर वर्ल्ड यूनिवर्सिटी खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला

2018 में नीरज चोपड़ा विश्व स्तरीय भाला फेंक एथलीट बनकर सुर्खियों में रहे थे। लेकिन 22 साल का खिलाड़ी पटियाला में ट्रेनिंग के दौरान चोटिल हो गया जिसके लिए उन्हें इस साल मई में कोहनी की सर्जरी करानी पड़ी। इससे वह दोहा में एशियाई चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक का बचाव करने नहीं उतर सके। वह विश्व चैंपियनशिप भी नहीं खेल पाए।

जूनियर विश्व चैंपियन हिमा सत्र के शुरुआती हिस्से में एक्शन में रहीं लेकिन 2018 एशियाई खेलों के बाद उनकी पीठ के निचले हिस्से में लगी चोट उन्हें परेशान करती रही। यूरोप में ट्रेनिंग करने के साथ वह सुर्खियों में आईं क्योंकि चेक गणराज्य और पोलैंड में औसत दर्जे के टूर्नामेंटों में उन्होंने लगातार छह स्वर्ण पदक जीते जिससे मीडिया में हलचल मच गई।

असम की 'धिंग एक्सप्रेस' ने हालांकि एशियाई चैंपियनशिप से हटने का फैसला किया। इस 19 साल की खिलाड़ी को विश्व चैंपियनशिप में चुना गया लेकिन भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने अंतिम मिनट में उनका नाम हटा दिया।

हवाई शॉट खेलना कोई अपराध नहीं : रोहित

मुंबई, 26 दिसंबर (भाषा)।

भारत के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा ने कहा कि हवाई शॉट्स खेलना कोई अपराध नहीं है। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपना स्वाभाविक खेल दिखाने की छूट मिलनी चाहिए। रोहित ने अपना अंतरराष्ट्रीय करिअर मध्यक्रम के बल्लेबाज के रूप में शुरू किया लेकिन वह बाद में सीमित ओवरों के सर्वश्रेष्ठ सलामी बल्लेबाज बन गए।

उन्होंने कहा कि बड़े शॉट खेलने में कोई बुराई नहीं है। जब हम छोटे थे, तब खूब बड़े शॉट लगाते थे और हमें नेट्स से बाहर कर दिया जाता था क्योंकि आखिर में तो आप नतीजे चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई खिलाड़ी हवाई शॉट खेलकर भी आपको नतीजे दे रहा है तो उसमें कोई बुराई नहीं

है। युवाओं को ऐसे शॉट खेलने की चाहत रहती है।

उन्होंने कहा कि बल्लेबाजी करते समय हर कोई आकर्षक शॉट लगाना चाहता है लेकिन यह भी जरूरी है कि वे अपना स्वाभाविक खेल दिखाए। रोहित ने कहा कि हमें इसका ध्यान रखना होगा कि ये गलतियां बारंबार नहीं हो।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 37, अंक 40, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।

www.readwhere.com